वर्ष- 21 अंक - 291 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

## इंदौर नगर निगम के बजट में सड़क, पानी, ड्रेनेज पर जोर

# संपत्ति कर, जलकर में कोई वृद्धि नहीं

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



» सड़क के लिए 500 करोड़

» पानी के लिए 700 करोड़

» ड्रेनेज के लिए 400 करोड़

इंदौर नगर निगम का नए वित्त वर्ष का बजट आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रस्तुत कर दिया। इस बजट में सम्पत्ति कर और जलकर की दर में कोई वृद्दि नहीं की गई है। बजट का पूरा फोकस सड़क, पानी और ड्रेनेज के कामों पर किया गया है। पिछले दिनों सीएम डॉ. मोहन यादव के द्वारा भूमिपूजन कर अमृत-2.0 के तहत जिन कामों को शुरू करने का आगाज किया गया था। उन कामों को तेजी से करने की दिशा में इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही केन्द्र सरकार के सहयोग बनाई जा रही मास्टर प्लान की सड़कों के काम को गति देने तथा ड्रेनेज लाइन की समुचित व्यवस्था करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इंदौर नगर निगम की सीमा में ससमिल किए गए 29 गांव में आधारमूल सुविधाओं का विकास करने पर इस बजट में जोर दिया गया है। इस बजट में महापौर के द्वारा शहर में सड़कों के निर्माण के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पानी की लाइन की व्यवस्था के लिए 700 करोड़ का प्रावधान किया गया, जबकि ड्रेनेज लाइन डालने के लिए 400 करोड़ का प्रस्ताव किया गया है।

*विस्तृत समाचार देखें पृष्ठ 3 पर*

## ईरान ने अमेरिका को भेजा 10 सूत्रीय प्लान

**तेहरान ● एजेंसी**

ईरान ने औपचारिक रूप से सीजफायर प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसके बजाए उन्होंने 10 सूत्रीय योजना पेश की है जिसमें जंग को स्थायी रूप से रोकने की अपील है। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर आज रात तक होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा नहीं खोला गया तो पावर प्लांट और पुलों को निशाना बनाया जा सकता है। ईरान ने अमेरिका के 15 बिन्दुओं वाले शांति प्रस्ताव को खारिज करते हुए जवाब में 10 सूत्रीय दस्तावेज पेश किया है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने चेतावनी दी है कि ईरान को युद्ध रोकने के लिए दी गई मंगलवार की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। बहरीन ने मिसाइल हमले के खतरे के बीच अपने नागरिकों को सुरक्षित जगह पर जाने की सलाह दी है। गृह मंत्रालय ने एक्स पर संदेश दिया कि देशवासी शांत रहें और सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इस जंग को लेकर लोग पहले ही सड़कों पर उतर आए हैं। आज रात में अगर अमेरिका द्वारा तबाही मचाई जाती है तो संभवतः अमेरिकी नागरिकों में आक्रोश बढ़ सकता है।

### दहशत में बाजार

इधर ट्रंप ने ईरान में आज कुछ बड़ा होने की धमकी दी है। इसे लेकर दुनियाभर के शेयर बाजारों में दहशत का माहौल है। भारतीय शेयर बाजार में भी इसका असर देखने को मिल रहा है।



## सिंधिया के जाते ही खाने पर टूट पड़े भाजपाई

**शिवपुरी.एजेंसी।** शिवपुरी में आयोजित आभार समारोह के दौरान भाजपाई खाने पर टूट पड़े। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। उन्होंने पहले भाजपाइयों को खाना परोसा और उनके रवाना होते ही भोजन व्यवस्था बिगड़ गई, भाजपाई खाने पर टूट पड़े। वीडियो सामने आने के बाद अब सोशल मीडिया पर चर्चा है।

## गुजराती भक्त ने महाकाल में चढ़ाए 70 लाख के आभूषण

**उज्जैन.एजेंसी।** चांदी के भाव भले ही आसमान छू रहे हों, लेकिन आस्था से बढ़कर नहीं हैं। गुजरात के एक भक्त महेश भाई भगवानदास ठाकुर ने कल महाकाल मंदिर में 29 किलो से अधिक वजन के चांदी के आभूषण भेंट किए जिनकी कीमत करीब 70 लाख बताई गई। दान की गई वस्तुओं में चंद्रमा, मुण्डमाला, कुंडल, गरुड़, डमरू, घंटी और रुद्राक्ष की माला जैसे कई बेशकीमती रत्न जड़ित आभूषण शामिल हैं।



## न्यूज ब्रीफ...

### नवजोत कौर ने किया नई पार्टी का ऐलान

**मंगलवार.एजेंसी।** पंजाब विधानसभा चुनाव अगले वर्ष होना है। इससे पहले राज्य की सियासत में एक तस्वीर सामने आई है। नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने अपनी नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस से हटाए जाने के बाद भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वे अपना जीवन देश को समर्पित करना चाहती हैं इसलिए नई पार्टी का ऐलान किया है।

### पड़ोसी ने छात्रा को अगवा कर श्मशान घाट में किया बलात्कार

**लुधियाना.एजेंसी।** एक 35 वर्षीय पड़ोसी ने अपनी हवस मिटाने के लिए स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा को अपना शिकार बनाया। आरोपी ने मासूम को मौत का डर दिखाकर अगवा किया और उसे श्मशान घाट ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। थाना जमालपुर पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी नीरज कुमार के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मणिपुर हिंसा... घर पर फेंका बम मासूमों की मौत

**इम्फाल.एजेंसी।** हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में उग्रवादी संगठन भी सक्रिय हो गए हैं। एक नई घटना सामने आई है। विष्णुपुर जिले में कुकी उग्रवादियों ने बीती रात एक घर पर बम से हमला कर दिया। इस हमले में मां के साथ घर में सो रहे दो बच्चों की जान चली गई वहीं उनकी मां घायल हो गई।

## कर्मों का फल... पिता और मासूम के अपहरणकर्ताओं की दुर्घटना में मौत

**बरेली ● एजेंसी**



हरियाणा के गुरुग्राम से ऑटो चालक मनोज और उसके 2 मासूम बच्चों का अपहरण करने वाले 3 बदमाशों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। अपहरणकर्ता उन्हें बरेली-रामपुर हाइवे पर बोलेरो गाड़ी से लेकर जा रहे थे, तभी बोलेरो कार ने पहले एक मोटर साइकिल को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े टैंकर में जा घुसी। हादसे में सिकंदर कुमार, मनमोहन और विशेष की मौत हो गई जबकि किडनेपर प्रिंस घायल हुआ है। किडनेप हुए दो मासूम को भी चोंट लगी है, वहीं उनके पिता को चोंट नहीं लगी है। पुलिस ने पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है।

## रेगिस्तानी जिले भीगे, राजधानी में भी काले बादलों का डेरा

**मंगलवार ● एजेंसी**



मौसम विभाग ने देश में कई राज्यों के मौसम में बदलाव को लेकर चेतावनी दी थी, जिसके बाद आज से राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में मौसम ने करवट ली। राजस्थान के जयपुर में ठंडी हवा चल रही है, वहीं रेगिस्तानी जिले भीग रहे हैं। बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगा नगर में तेज बारिश हो रही है। वहीं नागौर में रात से ही रुक-रुककर पानी बरस रहा है। राजधानी दिल्ली में भी आज येलो अलर्ट है। सुबह से काले बादलों का डेरा है, वहीं कुछ इलाकों में बारिश भी हुई है। हल्की हवाएं भी चल रही हैं। कल भी मौसम इसी तरह बने रहने की आशंका है। उत्तराखंड के 3 जिलों में बर्फबारी और 8 शहरों में बारिश हुई है।



## भाजपा के मंडल प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे अध्यक्ष मिश्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 4 में भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग में बूथ जीता चुनाव जीता मंत्र भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने दिया। विधायक मालिनी गौड़, पार्षद योगेश गेंदर, जीतू राठौर मौजूद रहे। वहीं सांसद शंकर लालवानी, जीतू जिराती, जितेन्द्र सुराणा, दीपक बागवान ने भी अलग मंडल में संबोधित किया। हितग्राहियों को सभी सुविधा मिले इसका ध्यान कार्यकर्ता रखे। लक्ष्मणसिंह गौड़ मंडल, हेमू कालानी, महाराणा प्रताप मंडल, शहीद भगत सिंह मंडल में भी प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए।

# जिला कांग्रेस का पूरा ध्यान आम्बेडकर जयंती के आयोजन पर

### कल बैठक कर जिले की चारों विधानसभा के कांग्रेसियों को दी जिम्मेदारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



जिला कांग्रेस ने सोशल मीडिया, आईटी सेल और कांग्रेस की बैठक आयोजित की। पदाधिकारियों के सोशल मीडिया अकाउंट भी चेक किए गए, जो सक्रिय नहीं थे उन्हें हिदायत दी गई। सोशल मीडिया पर कैसे काम करना है इसकी जानकारी भी सुमित पटेल ने दी। महू कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें 14 अप्रैल की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। खासतौर से महू कांग्रेस किस तरह से बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को उनकी नगरी में कांग्रेस आने वाले अनुयायियों के लिए भोजन, नाश्त, चाय, छाछ, पोहा, पानी जैसे स्टॉल लगा कर पार्टी के बैनर तले निशुल्क वितरण करें। इन स्टॉलों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी पहुंचेंगे यह भी बताया गया। बैठक में विपिन वानखेड़े, डॉ. दौलत पटेल, विष्णु मालवीय, सतपाल निनामा, कैलाशदत्त पांडे, पप्पू खान, गजेंद्रसिंह राठौड़, ओम पटेल आदि मौजूद रहे। वानखेड़े और पटेल ने यह भी बताया कि इस बार जिला कांग्रेस आम्बेडकर नगरी महू में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

## कांग्रेसियों ने किया गेहूं मुद्दे पर मंडी में घेराव





### राऊ परिषद का भी घेराव कर दिया ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर के नेतृत्व में डोंगरगांव कृषि उपज मंडी मे गेहूं को समर्थन मूल्य में खरीदने हेतु घेराव किया गया। साथ ही किसानों की पीड़ा को सुना जहां पीने के पानी व खाने की समस्या सामने आई। गेहूं 1800 से 2200 रुपये क्विंटल अधिकतर बिक रहा है किसान कांग्रेस की मांग है किसानों की मेहनत का 3000 रुपए क्विंटल का भाव दिया जावे। ज़ीतू ठाकुर, कैलाशदत्त पांडे, कमल चौधरी, विष्णु हरोड़, ओम पटेल, गजेंद्रसिंह राठौर, नारायण पटेल,बैकुंठ पटेल, सुभाष पटवारी, गोविंद टेलर, विजय नौलखा, पप्पू खान, महेंद्र यादव, राजाराम चौधरी, विनोद पटेल, शेखर मालवीय, अशोक आंजना, मंसूर पटेल सहित अन्य मौजूद थे। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, डॉ. दौलत पटेल, अशोक चौधरी, राजेश पटेल के नेतृत्व में राऊ नगर परिषद का जनहित के मुद्दे पर घेराव कर ज्ञापन दिया गया।

## भाजपा वार्ताकार मूलचंदानी ने की मुख्यमंत्री से भेंट



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** फिर से भाजपा मीडिया टीम में प्रदेश वार्ताकार बने बेसिक डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष जेपी मूलचंदानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वापस से मिली जिम्मेदारी पर बधाई दी। दवाइयों के कच्चे माल और उपलब्धता पर चर्चा भी हुई। फार्मा इंडस्ट्री एसएसआई यूनिटस को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए उनको और बेहतर बनाने को लेकर सुझाव भी दिए।



### मंत्री और पूर्व विधायक रहे मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ग्वालियर में भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन आयोजन में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर सहित अन्य ने शिरकत की। वहीं प्रभारी मंत्री के नाते मंत्री तुलसीराम सिलावट और इंदौर के पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा भी ग्वालियर संगठन प्रभारी के नाते मौजूद थे।

### टेलेंट हंट के अन्तर्गत कल के बाद आज भी साक्षात्कार

# कांग्रेस छांट रही है प्रतिभा

### कल इंदौर संभाग के करीब 60 कांग्रेसियों की हुई परीक्षा, आज उज्जैन संभाग का नम्बर



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** अ.भा. कांग्रेस के मीडिया विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज के अन्तर्गत प्रवक्ता, शोधकर्ता और प्रचार समन्वयक के क्षेत्रीय साक्षात्कार का आयोजन कल गांधी भवन में इंदौर संभाग के 60 कांग्रेसियों के बीच किया गया। 6-6 कांग्रेसियों का सामूहिक साक्षात्कार हुआ, फिर वन-टू-वन बातचीत भी हुई। राउंड टेबल चर्चा, ग्रुप इंटरव्यू और वन-टू-वन संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों का मूल्यांकन, दूसरे चरण के लिए चयन की प्रक्रिया इंदौर संभाग के लिए हुई, जो आज उज्जैन संभाग के लिए भी जारी रहेगी। पवनखेड़ा की टीम की राष्ट्रीय प्रवक्ता चित्रा बाथम के अलावा प्रदेश कांग्रेस के भूपेन्द्र गुप्ता, पत्रकार भुवनेशसिंह सेंगर और बुद्धिजीवी के रूप में अशोक कुमठ ने चर्चा की। पक्ष और विपक्ष में तर्क भी सभी कांग्रेसियों से लिए गए। प्रदेश मीडिया विभाग का भी इस चर्चा पर पूरा ध्यान है। इंदौर संभाग के इंदौर, धार, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, झाबुआ, अलीराजपुर, सेंधवा सहित अन्य जगह से कांग्रेसी मौजूद रहे। कल शाम 7 बजे तक यह इंटरव्यू चलते रहे। इन सभी के लिए भोजन और चाय की व्यवस्था शहर कांग्रेस ने की थी। टेलेंट हंट वालों का सम्मान चिंटू चौकसे की ओर से संजय बाकलीवाल ने किया। अमित चौरसिया, सन्नी राजपाल, जौहर मानपुरवाला, संजय बाकलीवाल ने भी अपनी भूमिका निभाई। प्रज्ञा फिलिप्स, नागेश जाधव, हितेश वर्मा ने भी प्रदेश कांग्रेस की ओर से मीडिया विभाग के लिए जिम्मेदारी गांधी भवन में संभाल रखी थी।

## रामेश्वर पटेल की स्मृति में रक्तदान और भजन संध्या

### पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर सुबह और शाम 11 अप्रैल को होंगे आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



पूर्व मंत्री रामेश्वर पटेल बाबूजी की पुण्यतिथि 11 अप्रैल को बिचौली मर्दाना स्थित विद्यासागर स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री गीता रामेश्वर ट्रस्ट द्वारा 11 अप्रैल की सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना है। वहीं शाम 6.30 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। ट्रस्ट के साथ कलोता समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम पटेल और सत्यनारायण पटेल इस सेवा कार्य से सीधे जुडे हुए है। ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान सेवा कार्य में मौजूद रहे वहीं शाम को होने वाली भजन संध्या में भी लोग मौजूद रहे इसकी अपील भी की गई है।





## मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समापन पर प्रसादी, पार्षद और पति जुड़े रहे आयोजन से

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भवानी नगर स्थित नवश्रृंगारित हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समापन अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाए, महाआरती की गई। बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी भंडारा में ग्रहण की। क़ई तरह के धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पार्षद सोनाली विजय परमार ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में संत भी मौजूद रहे।

# निगम के बजट में शहर को कोई बड़ी सौगात नहीं



## अमृत योजना के शुरू किए गए कामों और रूटीन के कामों पर ही दिया ध्यान
## इंदौर के भविष्य की जरूरत की व्यवस्था करने का दावा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा आज इंदौर नगर निगम का नए वित्त वर्ष का बजट प्रस्तुत किया गया। इस बजट में इंदौर शहर को कोई नई बड़ी सौगात नहीं दी गई है। इस बजट में अमृत 2.0 के तहत हाल ही में शुरू किए गए कामों को ही विस्तार से बताया गया है। इसके साथ ही भविष्य की इंदौर की आवश्यकताओं की पूर्ति की दिशा में पहल करने का दावा किया गया है।



### पत्नी ने महापौर को लगाया विजय तिलक
### *समीप खड़े रहे भाजपा नगर अध्यक्ष, लेपटॉप के साथ निकले बजट प्रस्तुत करने*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज इंदौर नगर निगम का भारी भरकम बजट पेश कर रहे हैं। इस बजट के लिए लम्बे समय से तैयारी की जा रही थी। बजट में सफलता मिले इसके लिए आज जब महापौर घर से निकले तो उनकी धर्मपत्नी जूही भार्गव ने सफलता के लिए विजय तिलक लगाया और दही भी खिलाया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी समीप खड़े रहे और उन्होंने भी महापौर को बधाई दी। महापौर इसके बाद नगर निगम परिषद के लिए कार में बैठकर बजट की कॉपी दिखाते हुए, लेपटॉप लेकर घर से रवाना हुए।

महापौर के द्वारा भविष्य की बात समग्र दृष्टि के साथ के रूप में यह बजट प्रस्तुत किया गया है। अपने बजट भाषण में महापौर ने कहा कि 2 गुना जल और मजबूत कल को हमने यथार्थ में कर दिखाया है। नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण का काम शुरू हो गया है। हमने ग्रीन बांड के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर प्लांट का सपना देखा था वह भी अब पूरा हो रहा है। इंदौर के इतिहास में पहली बार 423 करोड़ की लागत से मास्टर प्लान की 23 सड़कों के साथ चंदन नगर पर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के कार्यकाल में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तहत हमने शहर में 150 किलोमीटर से ज्यादा की सड़क का निर्माण किया है। ड्रेनेज लाइन 700 किलोमीटर और पानी की लाइन 200 किलोमीटर में डाली गई है। डिजिटल भारत का सपना साकार करते हुए इंदौर नगर निगम का खुद का पोर्टल तैयार होने की स्थिति में है। जिसका लाभ इंदौर की जनता को मिलेगा। डिजिटल पते के रूप में 25000 घरों को नई पहचान मिल गई है। इसके साथ ही नगर निगम के 30 लाख दस्तावेजों को डिजिटलाइजेशन करने का कार्य एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने अपने बजट भाषण में अपने कार्यकाल के 3.5 वर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हम भविष्य की योजना तैयार करने के साथ जनता की भावना के अनुरूप आदर्श शहर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में इंदौर ने देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। गीले सूखे कचरे के प्रबंधन के बाद इंदौर अब नए अपशिष्ट प्रबंधन के आयाम पर काम करेगा। बेकार कपड़े, फाइबर यूज्ड आदि अपशिष्ट को रियुजेबल बनाया जाएगा। वेस्ट टू चारकोल की योजना पर काम किया जा रहा है। चिड़ियाघर को हम जीरो वेस्ट परिसर बनाएंगे। ऑन डिमांड कूड़ा कलेक्शन को डिजिटलाइज करेंगे। ठोस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए 200 टीपीडी का नया प्लांट लगाएंगे। शहर में 50 स्मार्ट टॉयलेट पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। देवगुराडिया के बायो सीएनजी प्लांट की क्षमता 550 टन प्रतिदिन से बढ़कर 800 टन प्रतिदिन कर दी गई है। देश का पहला 100 टन क्षमता वाला ग्रीन वेस्ट डिस्पोजल संयंत्र स्थापित किया गया है। शहर को सुंदर बनाने के लिए 30000 वर्ग मीटर वॉल पेंटिंग और ढाई लाख वर्ग मीटर वाल राइटिंग का काम किया गया है।

## भागीरथपुरा जैसा हादसा फिर नहीं होने देंगे

अपने बजट भाषण में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भागीरथपुरा के हादसे का जिक्र सबसे पहले किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से हम सब इंदौर वासियों का हृदय द्रवित है। मैंने कहा था आंसू भी हमारे हैं दर्द भी हमारा है। इंदौर संकल्प लेता है कि भविष्य में ऐसा कोई हादसा कभी नहीं हो। उन्होंने निशाना लगाते हुए कहा कि क़पिपय तत्वों ने इस दुर्भाग्यशाली घटनाक्रम के दौरान और बाद में इंदौर की स्वच्छ छबि को धूमिल करने का असफल प्रयास किया है जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि बड़ी मेहनत से हम सब शहर को आगे लाए हैं अपने इंदौर का नाम बदनाम मत कीजिए। अपनी हिम्मत से यह शहर बदल देता है दरिया की लहरें भी, आंधियों में भी चिराग हमने जलाए हैं।

## महापौर से मिले भाजपाई पार्षद और नेता प्रतिपक्ष



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम का बजट प्रस्तुत करने के लिए अपने घर से विजय तिलक लगवाया और दही खाकर जब लेपटॉप के साथ नगर निगम पहुंचे तो वहां उनकी अगवानी भाजपा पार्षदों ने की. जिनमें एमआईसी सदस्य भी थे। इस दौरान निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी भाजपा पार्षदों की टीम के साथ एक तरफ खड़े हुए थे। चौकसे ने पूर्व में सभी भाजपा पार्षद और एमआईसी सदस्यों से भी मुलाकात की। चिंटू चौकसे ने भी महापौर से हाथ मिलाया तो महापौर ने भी हाथ मिलाकर मुस्कान बिखेरी।

## 31 वार्डों में योग शेड

महापौर ने अपने भाषण में कहा कि इंदौर शहर में हर वार्ड में योग शेड बनाने की योजना के तहत अब तक 31 वार्ड में यह काम किया जा चुका है। जबकि चार वार्ड में यह कार्य चल रहा है। शेष वार्ड में यह काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम के द्वारा संपत्ति कर के रूप में 571 करोड़ की वसूली की गई। निगम का कुल राजस्व 1086 करोड़ का रहा है। इस समय की स्थिति में नगर निगम में 7.13 लाख संपत्ति के खाते दर्ज़ है। पिछले दो लोक अदालत में नगर निगम ने 200 करोड रुपए का राजस्व संग्रहित किया है। मुख्यमंत्री की कायाकल्प योजना के तहत इंदौर में 76 करोड़ के 81 काम शुरू किए गए जिसमें से 42 करोड़ के 52 काम पूरे हो गए। मुख्यमंत्री नगरीय शहरी अधो संरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण में 14 कार्यों के लिए 25 करोड रुपए की मंजूरी प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधो संरचना निर्माण योजना के अंतर्गत 113 कार्य शुरू किए गए जिसमें से 35 कार्य पूरे किए गए 23 कार्य चल रहे हैं और 55 कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। शहर में 95 स्थानों पर संजीवनी क्लिनिक पाली क्लीनिक बनाने का काम शुरू किया गया जिसमें से 86 स्थान पर काम पूरा कर क्लीनिक शुरू कर दिया गया है। खेल को प्रोत्साहन देने के लिए कबीट खेड़ी में स्पोर्ट्स कांपलेक्स का निर्माण किया जा रहा है जबकि नंदा नगर में यह कार्य किया जाना है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रेवती रेंज पर 14.25 लाख पौधे लगाए गए। इन पौधों के लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 7.5 किलोमीटर लंबी रीयूज्ड वाटर की लाइन बिछाने का काम 80 प्रतिशत कर लिया गया है। नेहरू पार्क के स्विमिंग पूल का 4 करोड रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है। यह काम भी 80 प्रतिशत हो गया है।

महापौर ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में विभिन्न चौराहों के रखरखाव पर 34 लख रुपए खर्च किए गए। इसके साथ ही रोड डिवाइडर बनाने पर 240 लाख तथा यातायात के सिग्नल के कार्य पर 23 लाख रुपए खर्च किए गए। न्यू क्लॉथ मार्केट की जमीन पर 83 लाख रुपए खर्च कर 20000 पौधे लगाए गए हैं। शहर की सीमा में शामिल 29 गांव में 273 किलोमीटर की ड्रेनेज की लाइन बिछाने, धनखेड़ी और टिगरिया में एसटीपी का निर्माण करने, कनाडिया में 71000 किलोमीटर की लाइन बिछाने और पंपिंग स्टेशन बनाने, सुदामा नगर व छावनी में 27 किलोमीटर की लाइन बिछाने के कार्य के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। नगर निगम चौराहा से लेकर अहिल्या आश्रम तक रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एसटीपी में शुद्ध किए गए जल को 2000 करोड रुपए खर्च कर लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। छोटा सिरपुर, लिंबोदी और बिलावली तालाब के जीर्णोद्धार पर 25 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। नई ड्रेनेज लाइन डालने के कार्य के लिए 291 करोड़ का प्रावधान किया गया है। शहर के विभिन्न तालाबों के रखरखाव के लिए 30 करोड़ का प्रावधान किया गयां है। कुए बावड़ी की सफाई के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कान्ह नदी के शुद्धिकरण के लिए एसटीपी का निर्माण करने के लिए बड़ा एफ्युएंट ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। सांवेर रोड के प्लाट की क्षमता को बढ़ाया जाएगा इसके साथ ही अन्य स्थानों पर ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे इस कार्य पर 625 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। नगर निगम के द्वारा 100 किलोमीटर की नई ड्रेनेज लाइन डाली जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस साल नवलखा, गोंदवालेधाम, आजाद नगर और स्नेहलतागंज में टंकी का निर्माण किया जाएगा। पालदा में टंकी बनाने के लिए कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण करने के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य पर 2134 करोड रुपए खर्च होंगे। इस खर्च में अपने हिस्से की राशि मिलने के लिए नगर निगम के द्वारा लोन लिया जाएगा। अमृत योजना 2.0 के तहत पेयजल की उपलब्धता के काम करने पर 2150 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। घर-घर से कचरा संग्रहण करने के लिए गाड़ियों के रूट नए रूप में तय किया जा रहे हैं। इंदौर शहर में नगर निगम के द्वारा जीरो वेस्ट जोन का अभियान शुरू किया जाएगा। इस वर्ष चौराहों के रखरखाव पर 7 करोड़, रोड डिवाइडर पर चार करोड, सिग्नल पर 3 करोड़, रोड मार्किंग पर 5 करोड़, सड़क सुरक्षा उपकरण पर 4 करोड़, पार्किंग पर 70 लाख, चौराहों के विकास पर 5 करोड़, चौराहों को सुंदर बनाने पर 10 करोड़, हाकर जोन बनाने पर 10 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। शहर में फायर स्टेशन की संख्या 5 से बढ़कर 12 की जाएगी। स्वच्छता के लिए बड़ी संख्या में नई गाड़ियों की खरीदी की जाएगी। शहर के 19 सरकारी स्कूलों में 28 करोड़ के कार्य किए जाएंगे। इस वर्ष में स्ट्रीट लाइट के मेंटेनेंस के काम पर 465 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। शहर में 140 किलोमीटर की सेंट्रल लाइट व्यवस्था पर 120 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पोल शिफ्टिंग के काम पर 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस वर्ष में 15000 नई एलइडी लाइट लगाई जाएगी, जिस पर 7 करोड़ खर्च होंगे।

बजट और राजनीतिक खबरें पेज 4 पर भी

# कांग्रेस ने पूछा पहले के 8300 करोड़ के बजट का क्या हुआ?

## नेता प्रतिपक्ष बोले वास्तव में पहले था 2433 करोड़ का बजट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आज नगर निगम में भारी भरकम बजट महापौर पुष्यमित्र भार्गव प्रस्तुत कर रहे हैं। निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे भी आज तैयारी के साथ नगर निगम के बजट में पहुंचे हैं। उन्होंने बजट में पहुंचने के पहले मुद्दा उठाया कि गत वर्ष महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने 8300 करोड़ का बजट पेश किया था और इस साल 8500 करोड़ का बजट पेश करने की बात कही है। चौकसे ने आरोप लगाया कि पहले महापौर को गत बजट पर जवाब देना चाहिए कि गत वर्ष जो बजट 8300 करोड़ का पेश किया गया था वह बजट वास्तव में 2433 करोड़ का निकला। गत वर्ष का बजट 30 प्रतिशत से ऊपर नहीं होने की बात भी चिंटू चौकसे ने बताते हुए कहा था कि महापौर ने जो बजट प्रस्तुत किया था वह 70 प्रतिशत झूठा आंकड़ा था, अगर हम गलत आरोप लगा रहे हैं तो महापौर को इस पर स्पष्टीकरण देकर वास्तविक आंकड़ा बताना चाहिए। चौकसे ने कहा कि हम इस बजट बैठक में भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौत का मुद्दा उठाएंगे, साथ में एमओएस और खाली प्लाट पर निगम टैक्स ले रही है उस मुद्दे के अलावा तरण पुष्कर का जो शुल्क 2 हजार रु. से बढ़ाकर 10 हजार रु. कर दिया, साथ में गंदा पानी, अधूरी सडके, अव्यवस्थित यातायात, ठेला और गुमटी का जंजाल, हाकर झोन की स्थापना नहीं की गई। योगा शेड भी पूरी तरह नहीं बन पाए, जीम की मशीने नहीं लगी, ड्रेनेज का घोटाला की आज तक बडी कार्रवाई नहीं हुई, सडक घोटाले पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, सराफा चौपाटी का कोई निराकरण नहीं निकला, मास्टर प्लान की सडकों की चौडाई निगम तय नहीं कर पाई, सेन्ट्रल लाइन नहीं बन पाई। जैसे मुद्दे भी उठाएंगे और महापौर से जवाब मांगेंगे। निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने निगम सभापति मुन्नालाल यादव को भी पत्र लिखकर परिषद सम्मेलन में कई प्रस्ताव दिए, जिसे शामिल करने की मांग भी की गई।

# ब्लाक और वार्ड अध्यक्षों के सम्मान में रणनीति की तैयारी




इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों के साथ सांवेर के दो वार्डों के मंडलम अध्यक्षों के सम्मान का आयोजन किया। इस दौरान चिंटू चौकसे, संजय बाकलीवाल, विनय बाकलीवाल, अमन बजाज, विपिन वानखेडे, सोनिला मिमरोट, नट्टू, राहुल धाकरे, सलीम पठान के अलावा वार्ड अध्यक्ष भी मौजूद थे। महिला कांग्रेस की रोशनी गौहर का सम्मान भी किया। सम्मान के बाद सभी को संगठन का पाठ पढ़ाया गया और कहा कि वार्ड और बूथ स्तर पर ब्लॉक और मंडलम अध्यक्ष रणनीति तैयार करें। आगामी दिनों में धरना-प्रदर्शन आन्दोलन करना होंगे और आम जनता की आवाज उठाकर आम जनता को कांग्रेस से जोड़ना होगा।



# सब्जी व्यापारियों ने सड़क पर बैठकर की नारेबाजी

## कांग्रेस नेता भी पहुंच गए साथ देने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम द्वारा संविद नगर सब्जी मंडी के व्यापारियों पर विगत दिनों से की जा रही कार्रवाई के खिलाफ कल सभी सब्जी व्यापारी एकजुट हुए, पहले उनका एकत्रीकरण हुआ और फिर जब्त किए गए ठेले और तराजू, बांट की मांग करते हुए रोड पर चक्काजाम किया और नारेबाजी भी की।**

इस कार्रवाई में कांग्रेस नेता अंकित दुबे ने भी सब्जी व्यापारियों का साथ दिया। इस दौरान अंकित दुबे, मोनिका मंडरे, शैलेश लाला, नमन छाबड़ा, भावेश पाटिल, शाहबाज खान, मुकेश काला एवं कपिल सिसोदिया भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी सब्जी व्यापारियों ने आगे भी एकजुट रहने का संकल्प लिया और कहा कि अब निगम ने कार्रवाई की तो निगम मुख्यालय का घेराव किया जाएगा।

# भाजपा नेता ने लिखा केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र

## मेडिक्लेम/स्वास्थ्य बीमा से संबंधित सेवाओं पर जीएसटी पूर्णतः समाप्त करने का आग्रह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि जीएसटी विभाग से जुडे डॉ. संतोष वाधवानी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर मांग की है कि मेडिक्लेम एवं स्वास्थ्य बीमा योजनाओं पर जीएसटी हटाना जनहित हितैषी होगा। प्रेषित पत्र में उन्होंने कहा है कि भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए समय-समय पर अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में जीएसटी परिषद द्वारा सितंबर 2025 से व्यक्तिगत जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर पूर्व में लागू 18 प्रतिशत जीएसटी को शून्य (0%) कर दिया गया जो जनहित में अत्यंत सराहनीय है। समूह स्वास्थ्य बीमा पर अभी भी लगभग 18% जीएसटी लागू है, जिससे नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं की लागत बढ़ जाती है। स्वास्थ्य क्षेत्र मूलतः एक जनकल्याणकारी सेवा है। अतः इसके अंतर्गत आने वाली बीमा सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों, अस्पताल सेवाओं तथा संबंधित सेवाओं पर कर भार न्यूनतम या शून्य होना चाहिए। चिकित्सा सेवाओं की लागत निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में कराधान का बोझ आम नागरिक के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न कर सकता है। यदि स्वास्थ्य बीमा पर कर पूरी तरह समाप्त किया जाता है, तो इससे अधिकाधिक नागरिक बीमा योजनाओं से जुड़ेंगे, जिससे दीर्घकाल में सरकार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय का बोझ भी कम हो सकता है। चार सूत्रीय मुद्दे इस पत्र में वित्त मंत्री को भेजे गए है।

# भागीरथपुरा में चार दिनों से आ रहा है गंदा पानी-कांग्रेस

## जनप्रतिनिधि और अधिकारी सुनने को तैयार नहीं

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता और भागीरथपुरा में कांग्रेस की ओर से प्रभार की जिम्मेदारी निभा रहे दीपक मलोरिया रानू ने बताया कि भागीरथपुरा में जो नई पाइप लाइन डाली गई है, उसमें से चार दिनों से गंदा पानी आ रहा है और लोग डरे हुए हैं और लगातार शिकायतें कर रहे हैं। गंदे पानी की शिकायतें जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को की गई है, लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। मलोरिया ने कहा कि रहवासी रमेश बिंजवा, ओमप्रकाश मिश्रा ने भी शिकायतें की है। शिकायत के बाद निगम के कर्मचारी आकर फोटो खींच रहे हैं और सर्वे के नाम पर कोई भी परेशानी दूर नहीं की जा रही है। इन कर्मचारियों के आने पर जो चित्र खेंचे गए हैं उनमें कर्मचारी हंसी-ठिठोली करते दिख रहे हैं। यहां लोग गंदे पानी के कारण कहीं मौत ना हो जाए इससे लोग डरे हुए हैं। कोई अधिकारी शिकायत के बाद भी नहीं आया, पार्षद कमल वाघेला को भी शिकायतें की गई लेकिन कोई समस्या का हल नहीं हुआ। पूर्व में क्षेत्रीय विधायक और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि अब भागीरथपुरा में गंदा पानी नहीं आएगा, बात विजयवर्गीय तक भी पहुंचाई गई है लेकिन चार दिनों से गंदा पानी नलों में आ रहा है, अगर फिर से पुराना मामला सामने आया और दूषित पानी से लोगों की मृत्यु हुई तो अब इसके जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी होंगे।





# दीया तले अंधेरा...कलेक्टोरेट में नहीं चला हाइड्रेंड

## मॉक ड्रील देखने खडे थे अधिकारी और भीड

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कलेक्टर कार्यालय में कल आग लगने पर बचाव के लिए मॉक ड्रील की गई। इस दौरान एक अजीबों-गरीब दृश्य बन गया जब हाइड्रेंड नहीं चला। इसके लिए मशक्कत भी की गई लेकिन असफल हुई। इस घटना के बाद नाजीर परदा डालते नजर आए।**

कल कलेक्टर कार्यालय में मॉक ड्रील की गई। हाइड्रेंड चालू करने के लिए कोशिशें की गई लेकिन वह चालू नहीं हुआ तो फायर ब्रिगेड की वॉटर लारी से मॉक ड्रील में प्रदर्शन करना पडा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टोरेट में रजिस्ट्रार आफिस के सामने 2 लाख लीटर पानी का टैंक और प्लांट बना हुआ है, उसमें 6 मोटर पम्प लगे हुए है, इसे चलाने के लिए कर्मचारी भी तैनात रहता है। कल जब मॉक ड्रील के लिए नाजीर गौरव और अन्य कर्मचारी ने हाइड्रेंड को चालू किया तो वह चालू नहीं हुआ। जब मीडिया की इस पर नजर पडी तो कर्मचारी का कहना था कि सुबह चालू किया था तब चल रहा था।

# दर्शक दीर्घा में विजयवर्गीय... सियासी गलियारों में चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बीते दिनों उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम्स' का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी की मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को लेकर उस वक्त सियासी गलियारों में चर्चा मच गई जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इस कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा में नजर आए। सूत्रों के मुताबिक विजयवर्गीय कार्यक्रम में बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे थे। विजयवर्गीय मंच पर नहीं गए और सामने दर्शक दीर्घा में लगे सोफे पर बैठ गए। हालांकि बताया जा रहा है कि विजयवर्गीय यहां स्वयं सेवक सुरेश सोनी से मिलने पहुंचे थे। वहीं दूसरा कारण यह भी बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में मौजूद कुछ अन्य लोगों से सोनी विजयवर्गीय को मिलवाना चाहते थे इसलिए वे बिना सूचना के कार्यक्रम में पहुंचे थे। अब यह मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भगवा झंडे कचरे में मिलने से बवाल 2 घंटे चक्काजाम



## बजरंग दल का प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



राऊ थाना क्षेत्र में स्थित सेंट नॉर्बर्ट स्कूल के सामने कल हिंदू आस्था से जुड़ी भावनाओं को आहत करने वाली घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे पड़े कचरे में बड़ी संख्या में भगवा झंडे फेंके हुए मिले, जिन्हें देखकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया।

घटना की खबर फैलते ही आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और विरोध शुरू हो गया। इसकी जानकारी बजरंग दल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को मिली तो वे भी पहुंच गए और रहवासियों के साथ सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे तक नारेबाजी रोड पर बैठकर बजरंग दल और रहवासी करते रहे। सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पुलिस जांच करे और कार्रवाई करें इसकी मांग की गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त कर चक्काजाम समाप्त कराया। बजरंग दल के राजेश राठौर एवं प्रदीप ठाकुर ने जल्द कार्रवाई के लिए चेतावनी भी दी, नहीं तो आन्दोलन होगा यह भी कहा। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है कि भगवा झंडे वहां किसने फेंके।

# एटीएम पर चार्जिंग पर लगाई ई-रिक्शा अगर कोई अनहोनी होती है तो कौन जिम्मेदार?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जो कालानी नगर क्षेत्र स्थित एक्सिस बैंक का बताया जा रहा है। इस एटीएम पर एक रिक्शा चालक ने अपनी रिक्शा में चार्जिंग का कनेक्शन लेकर एटीएम के बाहर ही चार्जिंग पर लगा दी। वीडियो सामने आने के बाद अब चर्चा का विषय बन गया।**

बीते दिनों शहर के ब्रजेश्वरी एनेक्स में हुए अग्निकांड में इलेक्ट्रानिक कार की चार्जिंग ही मुख्य कारण घटना का बताया गया, जिसके बाद से कई लोगों ने तो सबक ले लिया, लेकिन कुछ लोग अभी भी गैर जिम्मेदार बने हुए हैं। एक रिक्शा चालक का सोशल मीडिया पर जब यह वीडियो वायरल हुआ तो कई सवाल खड़े हो गए। लोगों का कहना है कि एक ओर जहां चालक द्वारा बिजली चोरी की जा रही है वहीं दूसरी ओर बिना मानक समझे चालक ने चार्जिंग पोर्ट पर अपनी ई-रिक्शा को लगा दिया। अगर चार्जिंग बोर्ड कमजोर होता तो कोई अनहोनी भी हो सकती है। अंगुलियां उठाई जा रही है कि अब इस लापरवाही पर अगर कोई अनहोनी होती है तो जिम्मेदार कौन होगा?





# ईएसआईसी राजमोहल्ला स्वास्थ्य डिस्पेंसरी पर परेशानी

## कर्मचारी भी आते हैं लेट, दवाई के लिए भी करना होता है इंतजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रमिकों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा अलग-अलग जगह स्वास्थ्य डिस्पेंसरी स्थापित की गई है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम से संबंधित राजमोहल्ला डिस्पेंसरी में कई परेशानी नजर आने के बाद यहां आने वाले मरीजों ने बताई। कल सोमवार को भी परेशानी इस बात पर आई कि पूरा स्टाफ पहुंच गया था, चिकित्सक ने दवाई भी लिख दी थी, लेकिन दवाई वितरण केन्द्र पर स्टाफ की कमी इसलिए नजर आई कि मौजूद स्टाफ देरी से पहुंचा था इसलिए लोगों को दवाई के लिए इंतजार करना पड़ा था। पीड़ितों का कहना है कि दवाई के लिए हमेशा इंतजार करना पड़ता है, जिम्मेदार देरी से आते हैं और इस डिस्पेंसरी के प्रमुख उन लेट आने वाले कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं बोलते हैं। कल भी मरीज ने बताया कि सुबह नंदा नगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के बड़े अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया था इलाज भी वहीं से चल रहा है लेकिन वहां पर डॉक्टर द्वारा जो दवाइयां लिखी गई थी वह उपलब्ध न होने से डिस्पेंसरी से लेने के लिए कहा गया था जब डिस्पेंसरी पर आए तो शाम को डिस्पेंसरी खुलने का समय 4:30 है, डिस्पेंसरी तो समय पर खुल गई थी लेकिन दवाई केंद्र नहीं खुला था और वहां पर मौजूद कर्मचारी जो दवाई वितरण करते है वह समय पर नहीं आए। 4:30 बजे से इंतजार कर रहे कर्मचारी को करीब 5:15 बजे आने के बाद दवाई मिलना शुरू हुई। कल भी मरीजों ने यहां नाराजगी जाहिर की। कुछ लोग कल मौजूद मेडिकल इंचार्ज चिकित्सक से मिलने भी पहुंचे शिकायत भी दर्ज कराई और कहा कि एक घंटे से हम परेशान हो रहे हैं, कोई दवाई देने वाला नहीं है, इस पर जिम्मेदार ने कहा कि दवाई वितरण वाले देरी से आते हैं इसकी शिकायत हम ऊपर तक कर चुके हैं। यहां कई पुराने अधिकारी, कर्मचारी तैनात है, जिनके तबादले भी निर्धारित समय से नहीं हुआ है, इसलिए कुछ लोगों का रवैया देरी से आने का बना हुआ है। कई बुजुर्ग भी दवाई लेने पहुंचते हैं उनसे बैठते तक नहीं बनता है और उन्हें दवाई के लिए इंतजार करना पड़ता है।





# पंजाब सराफ ज्वेलर्स पर 80 हजार का स्पाट फाइन

## *शराब दुकान के बाहर भी मिले डिस्पोजल पर 10 हजार रु. की चालानी कार्रवाई*

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। झोन-6 के सीएसआई ने एमआर-4 पर खाली प्लाट पर कचरा फेंकने पर साक्ष्य जुटाकर छप्पन दुकान स्थित पंजाब सराफ ज्वेलर्स पर 80 हजार रु. का स्पाट फाइन किया। निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह कार्रवाई ज्वेलर्स की दुकान पर की, जिन्होंने खाली प्लाट पर कचरा फेंक दिया था। इसी तरह पंचशील नगर क्षेत्र में स्थित शराब दुकान पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग कर परिसर के बाहर गंदगी फैलाए जाने पर झोन-16 के सीएसआई ने 10 हजार रु. की स्पाट फाइन चालानी कार्रवाई की।



# बगैर स्वीकृति के ड्रेनेज लाइन के लिए सड़क खोदी

## *पहुंच गई निगम की टीम, भरना पड़ा जुर्माना*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

झोन-1 के वार्ड 16 लेक पैलेस कालोनी में बगैर झोन स्वीकृति के ड्रेनेज लाइन में पाइप डालने के लिए खुदाई रोड की गई और चेम्बर की गंदगी का मलबा रोड पर पटका दिया गया, लोगों ने इसकी शिकायत मेयर हेल्प लाइन पर की उसके बाद ड्रेनेज दरोगा वहां पहुंचे और उन्होंने देखा कि बगैर स्वीकृति के ही सड़क खोदकर लाइन जोड़ी जा रही है, सुपरवाइजर सुनील पथरोड ने सहायक सीएसआई भारत करोसिया के साथ पहुंचकर कागजात चेक करे, स्वीकृति नहीं मिलने पर ड्रेनेज के लिए खुदाई करने, गंदगी रोड पर डालने पर साढ़े 4 हजार रु. का जुर्माना वसूल किया। वहीं अशोक नगर बांगड़दा में कचरा फेंकने पर राजेश पर 1 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की गई। वार्ड 9 में भी सीएसआई विवेक यादव ने 5 हजार रु. की चालानी कार्रवाई की। इस कार्य में पंकज राठौर निक्की पथरोड दरोगा लखन पवार, सुनील पथरोड, बबलु पारोचे, आशीष करोसिया, कुन्दन खरे भी मौजूद रहे।





## मंडी में आया सनावद से नया मूंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

छावनी अनाज मंडी में कल 31 कट्टे नया मूंग आया तो व्यापारी खुश हो गए और मुहूर्त में बालाजी पल्सेस के सौरभ संतोष गोयल ने निमाड़ के सनावद से आए किसान से यह सौदा दलाल राजेश अजमेरा के मार्फत से लिया और कल हरे मूंग के श्री गणेश पर मिठाई का वितरण भी हुआ और खुशी का इजहार भी किया गया।

## शैक्षणिक संस्थाओं पर ध्यान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जिला प्रशासन ने शुरू हुए नए शैक्षणिक सत्र को लेकर स्कूल, छात्रावास में पीएनजी कनेक्शन को लेकर ध्यान देना शुरू किया है।वहीं कलेक्टर ने स्कूल बसों की फिटनेस और ड्राइवर की योग्यता जांच के लिए आरटीओ को नियमित चेकिंग के निर्देश दिये।

## शिवपुराण कथा के पहले शोभायात्रा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माँ मनसा देवी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर अखंड नगर में शिवपुराण कथा शुरू हुई। नीलू दिनेश रायकवार ने बताया कि कथा के पूर्व शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें मातृशक्तियों ने कलश भी धारण किए। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के जयकारे भी लगे।



## राजस्व अभियान की अवधि 10 दिनों के लिए बढ़ी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजस्व विभाग का पोर्टल बंद रहने के कारण राजस्व अभियान की अवधि आगामी 10 दिन बढ़ाई गई है। इस अभियान की पूर्व में 31 मार्च अंतिम तिथि थी। बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत लंबित राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण सुनिश्चित किया गया है फलस्वरुप लंबित प्रकरणों में कमी आई है। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। अब तहसीलों की मासिक रैंकिंग भी की जाएगी, ताकि राजस्व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में निराकरण में प्रतिस्पर्धा बढ़े।

## शिवधाम में लघुरुद्र अभिषेक और तांडव आरती

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शिवधाम मंदिर परदेशीपुरा में 9 अप्रैल को श्यामसुन्दर विजयवर्गीय की स्मृति में लघुरुद्र अभिषेक सुबह 9 बजे किया जाएगा और रात 8 बजे तांडव आरती का आयोजन होगा। इस आरती के बाद प्रसादी का आयोजन भी किया है। आयोजन से कमला विजयवर्गीय, राजेश संगीता विजयवर्गीय, आंशी विक्की विजयवर्गीय, अनिरुद्ध विजयवर्गीय जुड़े हुए हैं।

## बागड़ी ने दिया रामस्नेही संत को निमंत्रण

### स्वास्थ्य शिविर और सद्भावना सभा का होना है आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रमेश अग्रवाल की स्मृति में 12 अप्रैल को माहेश्वरी मांगलिक भवन पर वैश्य समाजजनों और संतों के सानिध्य में स्वास्थ्य शिविर और सद्भावना सभा का आयोजन किया जाना है, इस आयोजन से प्रमुखता से अरविंद बागड़ी जुड़े हुए हैं। आयोजन का निमंत्रण देने छत्रीबाग रामद्वारा पहुंचकर अरविंद बागड़ी, हरि अग्रवाल, मुकेश कचोलिया ने रामस्नेही सम्प्रदाय के जगदगुरु स्वामी रामदयाल महाराज का सम्मान कर उन्हें आयोजन का निमंत्रण पत्र भी भेंट किया।



## बाबा ईश्वर शाह का प्रवास होगा

### आज रात प्रीतमदास सभागृह में बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। संत सतगुरु बाबा ईश्वर शाह का धार्मिक प्रवास 11 अप्रैल को इंदौर में होने जा रहा है। गुरु के नगर आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस आयोजन से जुड़े सभी सामाजिक व धार्मिक संगठनों की आवश्यक बैठक आज रात 8.30 बजे से प्रीतमदास सभागृह सिंधी कालोनी में होगी, जिसमें सिंधी समाज के कई संस्थाओं के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। ईश्वरलाल झामनानी ने उक्त जानकारी दी।

## विद्युत पोल झुक गया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजीव गांधी सर्कल के समीप पिपलियाराव रिंगरोड गार्डन के समीप जो रास्ता गणेश नगर से मिलता है वहां पेड़ों के समीप एक पोल पूरी तरह झुककर टेड़ा हो चुका है और उस पर तारो का वजन भी है। यहां के दुकानदार, रहवासी चिंतित है कि कभी भी कोई हादसा हो सकता है।



छाया- नीलेश वर्मा

## भारतीय परिधान हमारी पहचान आयोजित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी ने भारतीय परिधान हमारी पहचान, अपनी संस्कृति अपना सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में दिलीप राजपाल, डॉ. राजकुमार अग्रवाल, संगीता शर्मा, प्रतीक श्रीवास्तव अतिथि थे। कार्यक्रम में ऋचा मनोज अग्रवाल, सुमन चौरसिया, डॉ. अब्दुल गफ्फार खान, महेश हलदर, साबिर, रीना जावरानी, चंदा कुंडलवाल, सुषमा तिवारी, किशन भालसे मौजूद रहे।



## सखी किटी क्लब की मातृशक्तियों ने किया आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सखी किटी क्लब से जुड़ी मातृशक्तियों ने बायपास गार्डन पर कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक रूप से नृत्य भी किया। श्वेताम्बर जैन समाज से जुड़ समादसेवी प्रकाश भटेवरा - कांता रानी की शादी की सालगिरह आयोजन भी किया। माया, चित्रा, अनिता, प्रभा, कोमल, सीमा एवं प्रिया जैन उपस्थित रहीं।

## रेफरी स्किल डेवलपमेंट कोर्स का तीन दिवसीय आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। म.प्र. के समस्त सीनियर और जूनियर रेफरी लेवल 8, 7, 6 और 5 कोर्स और मैच अभ्यर्थियों ने भाग लिया। रेफरी स्किल को डेवलप करने का सफल प्रयास किया। फुटबाल खेलकर नए नियमों को अवगत कराया गया।



कमिश्नर/रेफरी ऐसेसर कोर्स का तीन दिवसीय आयोजन आज महू में आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के कई जिले से लगभग 60 मुकेश शर्मा, अमजद मंसूरी, गौरव शर्मा, सदानंद ठाकुर, आयुष शर्मा मौजूद थे। अतिथि प्रिंसपाल टोंग्या, रामचन्द्र चौहान, रमेश झिरवार, मानक नागर का स्वागत लोकेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्रसिंह चौहान, सुरेश वैद्य, मो. इस्लामुद्दीन, शशि यादव, शकील आता, बंटू सलीम, मोमिन खान, अनुराग लाहौर, आसिफ खान, जॉय इस्यास, सुमीत वर्मा, प्रद्युम्न वर्मा, बाबा पिल्लई, सुन्दरदास हेमनानी मौजूद थे। अशोक माहेश्वरी का आभार माना गया।

## भगवान का जन्मकल्याणक मनाया



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुनि श्री 108 विमाल सागर महाराज और अनंत सागर महाराज सानिध्य के संघ ने मल्हारगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर चंद्रप्रभु जिनालय में चल रहे रजत चौबीसी जिनबिम्ब मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के अंतर्गत कल भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। रिया जैन, अदिति जैन, हिताक्षी जैन, जयति जैन, चहक जैन, अपेक्षा जैन ने भगवान के जन्म की मंगल सूचना दी।



# जैन समाजजनों ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रचार प्रमुख ज्योतिषाचार्य एम के जैन ने बताया कि सन्मति स्कूल मे आयोजित स्नेह सम्मेलन में 85 से 100 वर्ष के वरिष्ठ श्रेष्ठियों के सम्मान का आयोजन किया गया। अतिथि विनय बाकलीवाल, नवीन गोधा, अविनाश जैन,सुवालाल दगड़ा के सुशीलादेवी जैन, कमलादेवी जैन, श्रीमती निर्मला खापरा, शान्तिलाल बिलाला, कुसुम जे जैन, शीलकुमार जैन, रमेशचंद पाटनी, नाथुलाल जैन, डॉ. एमसी अजमेरा का सम्मान किया गया। प्रकाश बड़जात्या, नेमीचंद लुहाड़िया, सुशील गोधा, पवन बिलाला, आशीष पाटनी, हर्ष गोधा, कैलाश वेद, संजय शाह, शैलेष वेद, वीणा डोसी ने अपनी भूमिका निभाई।

## साधना सप्ताह में ऑनलाइन प्रशिक्षण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, मिशन कर्मयोगी भारत के तत्वावधान में कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए 8 अप्रैल तक समाधान सप्ताह में एआई बेस्ट व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ऑन लाइन प्रशिक्षण मुझे मिल गया प्लेटफार्म पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें कंपनी के कार्मिक रूचि पूर्वक भाग ले रहे हैं। ऑन लाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत कार्मिकों को ऑन लाइन विधि से ही प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा हैं।

# सिक्कों का प्रदर्शन एवं उन पर चर्चा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर फिलेटेलिक एवं इंदौर न्यू मिस्मेटिक सोसाइटी की संयुक्त मासिक सभा में इस बार संस्कृत के सिक्कों पर बातचीत के साथ ही तत्कालीन सिक्कों का प्रदर्शन भी किया गया। मुद्रा संग्राहक शिवम चतुर्वेदी ने कॉफ़ी हाउस पर आयोजित बैठक में इन सिक्कों पर अनेक दिलचस्प जानकारियां प्रदान की। बैठक में वर्ष 2025 का लेखा जोखा चेतन अग्रवाल ने प्रस्तुत किया जो सर्वसम्मति से मंजूर किया गया। इस दौरान रवीन्द्र पहलवान ने यूएई और मालवा के परमार वंश से जुड़े दो सिक्कों पर विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया और उनपर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर तीन फिलेटेलिस्ट महेंद्र सांघी, नरेन्द्र अग्रवाल एवं शिवम चतुर्वेदी,गिरीश शर्मा का सम्मान भी किया गया। रवीन्द्र व्यास ने पोस्टकार्ड और लोक कला का प्रदर्शन कर उनसे जुडी जानकारियां साझा की जबकि राजेश शाह ने नवरात्रि पर जारी किए गए विशेष आवरण एवं अन्य आवरणों का भी प्रदर्शन किया। राजेंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों को उपहार भेंट किए। सभा का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शाह ने किया। स्वास्थ्य प्रार्थना मिलिंद देहद्राय ने की। सभा शुभारंभ की घोषणा नरेन्द्र अग्रवाल ने की और आभार माना रवीन्द्र व्यास ने।

## आयुष्मान योजना में 30 अस्पताल को किया पैनल से बाहर

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मानकों का पालन नहीं करने पर 30 अस्पतालों को पैनल से बाहर किया गया है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि सभी अस्पतालों को निर्धारित मापदंडों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। कलेक्टर वर्मा ने बैठक में निर्देश दिए हैं कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे फायर सेफ्टी हो, राजस्व कार्य या शिक्षा व्यवस्था हर क्षेत्र में जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ज़ैन मुनि की मौजूदगी में राजपाल का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्वेताम्बर जैन समाज नीलकंठ कालोनी के सुमित ललवानी, त्रिशला जैन ने बताया कि सौरभ मुनि म.सा. के प्रवचन रखे गए। मुनि का सम्मान भी किया गया। मुनि क़ी मौजूदगी में पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल का और उनके साथ आए अन्य लोगों का सम्मान किया गया।





## जैन ग्रुप ने करवाई 280 मरीजों की जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन ने चोईथराम नेत्रालय के साथ में श्री दुर्गा शक्तिपीठ महू गांव पर नेत्र शिविर लगा। 280 मरीजों ने लाभ लिया, 36 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन निशुल्क होंगे जरूरतमंद को 165 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए। संस्था पदाधिकारियों का सहयोग रहा। चिकित्सकों ने सेवाएं दी।

## 'महारत्न इंदौर अलंकरण' सम्मान से होंगे सम्मानित

इन्दौर। हिन्दी साहित्य समिति में 'महारत्न इंदौर अलंकरण' सम्मान के आयोजन से विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें महिला और दिव्यांग भी सम्मान में शामिल रहेंगे। कई समाजसेवियों और राजनेताओं को भी आयोजन का निमंत्रण भेजा है। पंजीयन सम्मान के लिए पंजीयन किए जा रहे है। उक्त जानकारी जितेंद्र शिवहरे ने दी।

## जीपीएफ संबंधी समस्या समाधान के लिए शिविर कल

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित सभागार में कल 8 अप्रैल सुबह 11 बजे से सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) संबंधित समस्याओं के समाधान, शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। सेवानिवृत्त, मौजूदा कार्मिकों के भुगतान, ऋण आहरण जानकारी संबंधी त्रुटियों के समाधान की कार्रवाई जबलपुर से आई टीम द्वारा की जाएगी।

## रामस्नेही संत का पूजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रीरामद्वारा छत्रीबाग में अंतरराष्ट्रीय श्रीराम स्नेही संप्रदाय के आचार्य जगतगुरु स्वामी रामदयाल महाराज की पदरावणी की गई। रामस्नेही भक्तों ने अपने गुरु आचार्य की अगवानी कर पूजन आरती और अभिनंदन का आयोजन किया। रामचरण महाराज की अनुभव वाणी ग्रंथ का सामूहिक पूजन माल्यार्पण व स्वामी रामचरण महाराज के जीवन चरित्र पर आधारित ग्रंथ गुरु लीला विलास का सामूहिक गायन किया गया। महाआरती हुई, संतों के प्रवचन भी हुए, प्रसाद का वितरण भी हुआ। रामसहाय विजयवर्गीय, रामनिवास मोढ़, हेमंत काकाणी, वासुदेव सोलंकी, जयंत पोरवाल, केसरी भूरा पहलवान मौजूद थे।



## फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं मिले तो बिल्डिंग होगी सील

इन्दौर। 15 दिन पूर्व ही प्रशासन ने निर्देश दिए थे कि शहर की जी+3 कमर्शियल बिल्डिंग्स, जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम, उपकरण और मॉक ड्रिल की व्यवस्था होनी चाहिए। इस संबंध में आम सूचना जारी होने के बाद 15 दिन की अवधि लगभग समाप्त हो रही है। इसके बाद जांच में कमी मिलने पर बिल्डिंग सील की जाएगी। बिल्डिंग बायलॉज के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण, नोटिस और फायर ड्रिल कराई जा रही है, ताकि आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके।



# आज से तीन दिनों तक प्रकाश पर्व पर समागम और नगर कीर्तन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री गुरु अर्जनदेव महाराज के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज से 9 अप्रैल तीन दिनों तक विष्णुपुरी में धार्मिक समागम और नगर कीर्तन के आयोजन किए जा रहे है। आज सुबह नगर कीर्तन का आयोजन विष्णुपुरी गुरुद्वारा में किया गया। एसोसिएशन ने आदित्य नगर ग्राउण्ड पर सेवा के लिए स्टाल भी लगाया। तरबूज और शीतल रस का लंगर हुआ।

## निराकरण लापरवाही में अधिकारियों को अर्थदण्ड

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए आवेदकों को सीधे बुलवाकर सुनवाई की। वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित पांच प्रकरणों के आवेदकों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उक्त प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर नगर निगम के अधिकारी वसीम खान पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार सब इंजीनियर सिद्धार्थ बरावलिया पर 5 हजार रुपए तथा देपालपुर-बेटमा की मुख्य नगर पालिका अधिकारी रंजना गोयल पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। इसके अतिरिक्त एक अन्य मामले में नगर निगम के अधिकारी मोहित पवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह हातोद क्षेत्र के एक सीमांकन मामले में गंभीर लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर नवजीवन पवार को जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

# शासकीय बाल विनय मंदिर में छात्राओं को मिलेगी खेल मैदान की सौगात

## बॉस्केटबॉल, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे पारंपरिक खेलों के लिए बनेंगे कोर्ट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी स्कूल शासकीय बाल विनय मंदिर प्रांगण में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए विद्यालय परिसर में क्षेत्रीय पार्षद और निगम एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़ियां और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से सरकारी स्कूल में खेल मैदान का विकास किया जा रहा है। जिसके तहत इस मैदान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे पारंपरिक खेलों को एक स्थान पर अलग-अलग कोर्ट में खेलने की सुविधा मिलेगी।



**अपनी पसंद की स्पोर्ट्स एक्टिविटी की प्रेक्टिस के लिए मिलेंगी सुविधा-** खास बात यह है कि इसके लिए निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर वार्ड 47 के प्रमुख सरकारी स्कूल बाल विनय मंदिर प्रांगण में छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के साथ खेलों से जोड़ने के लिए स्कूल परिसर में ही खाली जगह पर अलग-अलग कोर्ट बनाकर पारंपरिक खेलों को खेलने के लिए पर्याप्त जगह दी जा रही है। यही नहीं जिसके लिए विद्यालय में खाली पड़ी जगह पर खेल मैदान का निर्माण और विकास कार्य किया जा रहा है। जिसका फायदा आने वाले दिनों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। यही नहीं यहां विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राएं अपने पसंदीदा खेलों को खेलने के साथ नेशनल खेल प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले या प्रैक्टिस कर अपनी तैयारी भी पूरी कर सकेंगे। एक ही स्थान पर छात्र-छात्राओं को अपने पसंदीदा खेल-खेलने और प्रैक्टिस की सुविधा भी मिलेगी।

# सरकारी स्कूल है या कबाड़खाना क्लासरूम के सामने लगे मलबे के ढेर

## 300 साल पुरानी स्कूल इमारत को संवारने का प्रोजेक्ट लंबे समय से बंद, बजट के संकट में लटका

**मामला छावनी क्षेत्र के शासकीय संयोगितागंज बालक उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 का**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** छावनी क्षेत्र में संयोगितागंज बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 की हालत इतनी खराब है कि जिस हेरिटेज प्रोजेक्ट में शामिल 300 साल से ज्यादा पुरानी ऐतिहासिक इमारत को डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च कर छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ स्मार्ट क्लास रूम बनाने की सुविधा देना थी। निगम में पैसों के संकट और बजट की कमी के कारण हालात यह है कि इस ऐतिहासिक स्कूल इमारत एक क्लास रूम के सामने मलबे के ढेर लगे है।

यही नहीं जहां बच्चे बैठकर पढ़ते थे वहां असामाजिक तत्वों द्वारा शराब खोरी की जा रही। क्लास रूम में कचरे के ढेर लगे है। पिछले डेढ़ 2 साल से यहां निर्माण कार्य पूरी तरह से बंद है। उसके बावजूद न निगम के अधिकारी ना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि यहां कभी देखने आते हैं की स्कूल में बच्चे कैसे पढ़ रहे हैं।





**जहां कभी प्रसिद्ध अभिनेता जॉनी वॉकर और कैप्टन मुश्ताक अली जैसे दिग्गज पढ़ें वहां अब हालत खराब-** शासकीय स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार चेलारमानी का कहना है कि खास बात यह है कि छावनी क्षेत्र के लगभग 300 साल से ज्यादा पुराने इस स्कूल की इमारत जो ऐतिहासिक महत्व भी रखती है। इस स्कूल में कभी प्रसिद्ध हास्य अभिनेता जॉनी वॉकर, क्रिकेट की दुनिया में इंदौर का नाम रोशन करने वाले कैप्टन मुस्ताक अली जैसे दिग्गज भी इस स्कूल में पढ़ चुके है। वहीं आज इस स्कूल इमारत की हालत बेहद खराब और चिंताजनक स्थिति में है। यही नहीं छावनी क्षेत्र में शासन के नियमों के हिसाब चलने वाले बेहद कम फीस वाले सरकारी स्कूल में लगभग 600 से ज्यादा बच्चे पढ़ते थे, और स्कूल दो शिफ्टों में लगाना पड़ता था। वहीं अब एक शिफ्ट में भी 300 बच्चे भी नहीं पढ़ रहें है।

**टूटी-फूटी स्कूल इमारत की खस्ता हालत देख नहीं पढ़ना चाहते यहां बच्चें**

दरसअल स्कूल की टूटी-फूटी बिल्डिंग और खस्ता हालत देखकर बच्चे यहां पढ़ना ही नहीं चाहते। जबकि पहले आजादनगर, पारसी मोहल्ला, मूसाखेड़ी, शंकर बाग, कलाली मोहल्ला सहित आसपास के सैकड़ों बच्चे पढ़ते थे। लेकिन दो साल से निगम ने स्कूल बिल्डिंग को संवारने की बजाय मलबे के ढेर लगाकर कबाड़ बनाकर रख दिया। जिससे पिछले दो साल में स्कूल में लगातार बच्चों की संख्या घट रही है।

# पालीवाल नगर का लंबे समय का अंधेरा अब लाखों रुपए खर्च कर दूर करेगा निगम



## क्षेत्र के बड़े हिस्से में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाएंगे आकर्षक लाइटिंग

**इंदौर।** पालीवाल नगर में लंबे समय से छाए अंधेरे को दूर करने के लिए इंदौर नगर निगम यहां जगमगाहट के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाएगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पालीवाल नगर क्षेत्र के बड़े हिस्से में अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था के लिए आने वाले दिनों में यहां इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर आकर्षक डिजाइन वाली लाइटिंग लगाई जाएगी। जिससे क्षेत्र में लंबे समय से छाए अंधेरे को दूर कर संपूर्ण क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा जिसको लेकर निगम द्वारा प्लानिंग के साथ निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## कालोनी के मुख्य द्वार के साथ बगीचे तक होगा रोशनी का काम

खास बात यह है कि पॉश कॉलोनी पालीवाल नगर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार प्रयास कर यहां का सालों पुराना अंधेरा दूर करने के लिए लोगों की मांग पर नई आकर्षक तेज रोशनी वाली लाइटिंग लगाने की तैयारी की जा रही है। जिसके तहत कालोनी के मुख्य प्रवेश द्वार के साथ यहां के बगीचे तक के बड़े हिस्से तक का अंधेरा दूर करने के लिए निगम द्वारा बेहद जल्द यहां नए इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर प्रकाश व्यवस्था के लिए नई एलईडी लाइटिंग लगाई जाएगी।

# वार्ड 42 की कोमल बेकरी गली के लोगों को सालों पुरानी जर्जर निकासी लाइन से मिलेगी राहत

**इंदौर।** जॉन क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाले वर्ड 42 में स्थित शंकर नगर क्षेत्र की कोमल बेकरी वाली गली में क्षेत्र के रहिवासियों को सालों पुरानी जर्जर जल निकासी व्यवस्था से राहत दिलाने के लिए निगम यहां लाखों रुपए खर्च का नई लाइन बिछाने का काम शुरू करेगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को सालों पुरानी जर्जर जल निकासी की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी और नई लाइन बिछाने का काम शुरू होगा। जिसका फायदा क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों को मिलेगा। जिसको लेकर लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। विधानसभा 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 42 के शंकर नगर क्षेत्र की कोमल बकरी वाली गली के रहवासियों को इस साल बारिश से पहले जल निकासी की लाइन बदलने की सौगात मिलने वाली है। पुरानी लाइन के कारण बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा दिक्कत आती थी। पूरे क्षेत्र की लाइन बदलने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बारिश के दिनों में घरों के सामने और कॉलोनी की मुख्य गली में कहीं भी एक जगह पर कहीं भी पानी जमा नहीं होगा।



# गोविंद कॉलोनी में भेरूबाबा मंदिर से हनुमान मंदिर तक मिलेंगी भक्तों को नई सड़क की सौगात

## 60 लाख रु. से ज्यादा खर्चकर बारिश से पहले शुरू होगा निर्माण कार्य

**इंदौर।** विधानसभा एक की गोविंद कॉलोनी में भैरू बाबा मंदिर घाटी से लेकर हनुमान मंदिर तक भक्तों को आने वाले दिनों में नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक निगम यहां लगभग 60 लख रुपए से ज्यादा खर्च कर बारिश का सीजन शुरू होने से पहले बेहद जल्दी यहां सड़क निर्माण का कार्य शुरू करेगा। यही नहीं इसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विशेष रुचि के तहत पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने लगातार प्रयास कर निगम से क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए दो मंदिरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क निर्माण की फाइल को मंजूर करवाकर लोगों को बड़ी राहत दी है।

**मुख्य रूप से क्षेत्र के रहवासियों के साथ मंदिर से जुड़े भक्तों को भी होगा फायदा-** वही खास बात यह है कि गोविंद कॉलोनी एवं आसपास की कॉलोनी के रहवासी परिवारों को क्षेत्र में दो मंदिरों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के बनने का सीधा फायदा मिलेगा। साथ ही क्षेत्र के प्रसिद्ध भेरू बाबा मंदिर घाटी से लेकर हनुमान मंदिर तक बारिश से पहले सड़क निर्माण का काम शुरू करेगा ताकि मंदिर आने वाले भक्तों के साथ क्षेत्र के रहवासियों को भी नई सड़क बनने का बड़ा लाभ मिलेगा।

## संपादकीय

# हाशिये पर स्वास्थ्य जागरूकता का सवाल; एआई कैसे बनेगा 'स्मार्ट गाइड'?

सवाल यह है कि क्या एआइ स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने में मदद कर सकता है, खासकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जानकारी की सबसे ज्यादा कमी है? हाल के वर्षों में भारत ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन जब हम पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य से जुड़ी जागरूकता पर नजर डालते हैं, तो एक अलग ही सच्चाई सामने आती है। अस्पतालों की कमी के साथ स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक जागरूकता की कमी, संसाधनों की असमानता और नीतियों के जमीनी क्रियान्वयन की विफलता साफ दिखती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े मुद्दे केवल चिकित्सा सुविधाओं की कमी से नहीं, बल्कि जागरूकता के अभाव से भी गहराई से जुड़े हैं। यह सर्वेक्षण देश के सात सौ से अधिक जिलों के आंकड़े उपलब्ध कराता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य को लेकर असमानता केवल राज्यों के बीच ही नहीं, बल्कि जिलों के भीतर भी मौजूद है। यदि हम बिहार जैसे राज्य को देखें, तो स्थिति बेहद चिंताजनक है। यहां लगभग 84 फीसद आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सीमित है। लगभग 39 फीसद परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है, जिससे खुले में शौच जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, जो सीधे तौर पर संक्रमण से जुड़ी हैं। यही नहीं, बच्चों में कुपोषण की स्थिति भी गंभीर है, लगभग 43 फीसद बच्चे बौने हैं। यह केवल भोजन की कमी नहीं, बल्कि पोषण संबंधी जागरूकता की कमी को भी दर्शाता है। बिहार के सीमांचल (कटिहार, किशनगंज, पूर्णिया) या झारखंड के गुमला और सिमडेगा जैसे जिलों में एक समान व्यवहार दिखता है, लोग बीमारी को तब तक गंभीर नहीं मानते, जब तक वह असहनीय न हो जाए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सोनभद्र, चित्रकूट, बांदा, अलीराजपुर और मंडला जैसे जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति भी आज चिंता का विषय है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, कई महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल नहीं मिल पाती। बिहार में लगभग अठारह फीसद महिलाओं ने गर्भावस्था के दौरान कोई चिकित्सा देखभाल नहीं ली। राजस्थान की तस्वीर और ज्यादा जटिल है। टीकाकरण में सुधार हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। तीस वर्ष से अधिक आयु के लगभग बीस फीसद लोग मधुमेह या उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं, लेकिन उनमें से बहुत कम लोग नियमित उपचार कराते हैं। झारखंड और मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक मान्यताओं तथा आधुनिक चिकित्सा के बीच दूरी अब भी बनी हुई है। कई बार लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंचते और स्थानीय उपचारों पर निर्भर रहते हैं, जिससे तपेदिक, मलेरिया और खून की कमी जैसी बीमारियां लंबे समय तक छिपी रहती हैं। देश में यह संकट दोतरफा रूप में सामने आता है- एक ओर कुपोषण, दूसरी ओर नई जीवनशैली से होने वाली बीमारियां। यदि वैश्विक तुलना करें, तो जापान, फिनलैंड और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में लोग नियमित जांच, संतुलित आहार और निवारक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देते हैं। इसके विपरीत भारत में स्वास्थ्य को अक्सर अंतिम प्राथमिकता दी जाती है। आज के परिदृश्य में इस संदर्भ में एक नया आयाम जुड़ रहा है, वह है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता। सवाल यह है कि क्या एआइ स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने में मदद कर सकता है, खासकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां जानकारी की सबसे ज्यादा कमी है? ग्रामीण भारत में एआइ का सबसे बड़ा उपयोग जानकारी पहुंचाने में हो सकता है। आज भी कई गांवों में लोग बीमारी के लक्षणों को सही समय पर नहीं पहचान पाते। यदि मोबाइल आधारित एआइ उपकरण स्थानीय भाषा में सरल तरीके से यह समझाएं कि कब डाक्टर के पास जाना जरूरी है, कौन से लक्षण खतरनाक हैं और कौन-सी सावधानियां अपनानी चाहिए, तो यह एक बड़ा बदलाव ला सकता है। एआइ का उपयोग आशा कार्यकर्ताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रशिक्षण में भी किया जा सकता है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 150300 | 149551 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 234200 | 232100 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# ठगों की डिजिटल डकैती.. पार्सल, जॉब और हैकिंग के नाम पर 20 लाख से ज्यादा उड़ाए

### बाणगंगा, हीरानगर, लसूड़िया और एरोड्रम क्षेत्र में हुई वारदातें, युवती से विदेशी पार्सल के नाम पर ठगे 10 लाख

**इन्दौर।** स्वच्छ शहर इन्दौर अब सायबर अपराधियों के निशाने पर है। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों में ठगी के चार बड़े मामले सामने आए हैं, जिनमें आरोपियों ने ओटीपी , फर्जी पार्सल, ऑनलाइन जॉब और मोबाइल हैकिंग जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर मासूम लोगों के खातों से 20 लाख रुपये से अधिक की रकम उड़ा दी है। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात मोबाइल धारकों और बैंक खाताधारकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### इंग्लैंड से पार्सल का झांसा देकर युवती से 10 लाख ठगे

सबसे बड़ी ठगी हीरानगर थाना क्षेत्र में रितिका राजपूत के साथ हुई। ठगों ने रितिका को विश्वास में लिया कि इंग्लैंड से उसके लिए एक कीमती पार्सल भेजा गया है। इसके बाद कस्टम अधिकारी बनकर कॉल किया गया और पार्सल छुड़ाने के लिए कस्टम ड्यूटी' और 'एक्साइज ड्यूटी के नाम पर डराया गया। झांसे में आकर रितिका ने अलग-अलग किश्तों में कुल 10,00,000 रुपये ठगों के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए।

#### फाइव स्टार रेटिंग के चक्कर में गंवाए 7 लाख

लसूड़िया थाना क्षेत्र के यश मेहता को टेलीग्राम पर 'वर्क फ्रॉम होम' का ऑफर मिला। ठगों ने उसे होटल्स की फाइव स्टार रेटिंग देने का टास्क दिया और शुरू में कुछ कमीशन का लालच दिया। इसके बाद वीआईपी टास्क के नाम पर यश से निवेश कराया गया। यश ने भारी मुनाफे की उम्मीद में यूपीआई और आईएमपीएस के जरिए 7,05,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन न तो कमीशन मिला और न ही मूल राशि वापस आई।

#### सिर्फ एक ओटीपी और खाते से 1.90 लाख साफ

बाणगंगा थाना इलाके के प्रगति पार्क निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह के साथ बैंकिंग फ्रॉड हुआ। 11 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक ओटीपी आया, जिसके कुछ ही देर बाद उनके इंडसइंड बैंक खाते से 1,90,000 रुपये कटने का मैसेज मिला। पुलिस अब उस सस्पेक्टेड लिंक और मैसेज की जांच कर रही है जिसके जरिए बैंक सर्वर में सेंध लगाई गई।

#### मोबाइल हैक कर निकाला 1.50 लाख का लोन

एरोड्रम थाना क्षेत्र में ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका सामने आया है। फरियादी विपिन गायकवाड़ का मोबाइल अज्ञात सॉफ्टवेयर के जरिए हैक कर लिया गया। इसके बाद ठगों ने विपिन के बैंक क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर उनके नाम पर 1,50,000 रुपये का पर्सनल लोन स्वीकृत कराया और उस राशि को तुरंत दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिया।

# लिफ्ट गिरने के मामले में कारखाना संचालक पर केस

### *राजकुमार नगर की घटना, चौथी मंजिल से गिरी थी मेहमानों से भरी लिफ्ट, दुल्हन का चेहरा देखने पहुंचे थे लिफ्ट के माध्यम से एक साथ कई महिलाएं और बच्चे*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हुए दर्दनाक लिफ्ट हादसे में पुलिस ने कारखाना संचालक के खिलाफ आपराधिक लापरवाही का प्रकरण दर्ज किया है। राजकुमार नगर बांक स्थित एक भट्टी कारखाने में मेहमानों को ऊपर ले जा रही मालवाहक लिफ्ट का तार टूटने से वह चौथी मंजिल से सीधे जमीन पर आ गिरी। इस हादसे में करीब 10 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कई महिलाओं के पैर फैक्चर हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि निकाह के बाद दुल्हान के चेहरे की मुंह दिखाई का आयोजन कारखाना में चल रहा था और लिफ्ट में जरूरत से ज्यादा महिलाएं और बच्चे मौजूद थे इसलिए यह हादसा हुआ।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मोहम्मद शरीफ उर्फ बबलू भट्टी निवासी राजकुमार नगर, बांक के कारखाने में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। कारखाने में सामान लाने-ले जाने के लिए एक लोहे की लिफ्ट बनी हुई थी। आरोप है कि सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर मेहमानों को इसी मालवाहक लिफ्ट में बिठाकर ऊपर भेजा जा रहा था। जैसे ही लिफ्ट चौथी मंजिल पर पहुँची, अचानक उसका तार टूट गया और लिफ्ट धमाके के साथ नीचे गिर गई। हादसे में घायल असमा बी पति इसरार अहमद निवासी नूरानी नगर और आशमा बी पति मोहम्मद शरीफ निवासी ग्रीन पार्क ने अस्पताल में अपने बयान दर्ज कराए। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे लिफ्ट में बैठकर ऊपर जा रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। लिफ्ट में मौजूद सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए और उनके पैरों की हड्डियां टूट गईं। सभी घायलों का फिलहाल निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि जिस लिफ्ट का उपयोग मेहमानों के लिए किया गया, वह इंसानों के बैठने के लिए उपयुक्त नहीं थी। कारखाना संचालक बबलू भट्टी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए बिना ही मेहमानों को लिफ्ट का उपयोग करने दिया, जो इस बड़े हादसे की मुख्य वजह बना। हादसे के समय लिफ्ट में क्षमता से अधिक लोग भी सवार थे। चंदन नगर पुलिस ने पीड़िताओं के बयानों और प्राथमिक जांच के आधार पर आरोपी मोहम्मद शरीफ उर्फ बबलू भट्टी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# नायता मुंडला की फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड

### 3 घंटे तक धधकती रही आग, लाखों का माल स्वाहा

**इन्दौर।** नायता मुंडला इलाके में बीती शाम एक फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही धुएं का काला गुबार देखा जा सकता था। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत और हजारों लीटर पानी के इस्तेमाल के बाद आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि, तब तक फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का कीमती सामान जलकर खाक हो चुका था।

फायर ब्रिगेड को सोमवार शाम नायता मुंडला स्थित फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के उप निरीक्षक संतोष दुबे के नेतृत्व में दमकल कर्मियों की टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई। फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक और फाइबर जैसा ज्वलनशील सामान होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया था। दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए चारों तरफ से पानी की बौछार शुरू की। आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड को करीब 75,000 लीटर पानी का उपयोग करना पड़ा। लगभग 3 घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद शाम ढलते-ढलते आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि हादसे के समय फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारी समय रहते बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री संचालक का नाम सौरभ पिता राधेश्याम मंडलोई बताया जा रहा है। इस अग्निकांड में फैक्ट्री में रखा फाइबर, पानी के पाइप, नारियल पानी और अन्य तैयार माल पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि अंदेशा जताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से चिंगारी भड़की होगी।

इसी प्रकार फायर ब्रिगेड को महू नाका क्षेत्र से भी आग की सूचना मिली। दमकल की एक टीम तुरंत मौके पर पहुँची, जहाँ खाली मैदान की सूखी घास में आग लगी थी। दमकल कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए घास की आग को समय रहते बुझा दिया, जिससे वह आसपास के रिहायशी इलाकों तक नहीं फैल पाई।

# दो युवकों की दर्दनाक मौत

## बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

मानपुर थाना क्षेत्र में बीती रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहाँ दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी भिड़ंत में दो चालकों की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि दोनों बाइकों के अगले हिस्से चकनाचूर हो गए और दोनों युवकों ने अस्पताल पहुँचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना मानपुर क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर हुई। चश्मदीदों ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिलें तेज गति में थीं और मोड़ पर एक-दूसरे को देख नहीं पाईं। आमने-सामने से हुई इस सीधी टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने के कारण लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मानपुर पुलिस मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मिथुन निवासी जामनखेड़ी धामनोद और धर्मेंद्र निवासी धरमपुरी के रूप में हुई।

# दुर्घटना में पति-पत्नी और बच्ची घायल







इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विजय नगर थाना क्षेत्र में कल रात करीब 11 बजे हिट एंड रन का मामला सामने आया, जिसने पुलिस की भी पोल खोल दी। घटना के करीब घंटेभर तक पुलिस को इसकी जानकारी ही नहीं लगी। जबकि घटना थाने के करीब एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर हुई थी।

जानकारी के अनुसार सत्य साईं चौराहे से गोल्डन गेट आने वाली सड़क से तेज रफ्तार कार एमपी-04 ईसी 2551 आ रही थी। वहीं, उसी सड़क पर बने टॉप एंड टाउन से बाइक पर सवार सचिन शर्मा अपनी पत्नी सपना शर्मा और दो बच्चियों के साथ निकल रहे थे कि इतने में ही कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर उछल कर गिर पड़े। लोग समझते, लेकिन उससे पहले ही कार चालक भाग निकला। मौके पर लोगों ने तुरंत दंपति सहित बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है घायल पत्नी सपना ब्लाइंड स्कूल में टीचर है, पति सचिन ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करते है। घटना के बाद जब लोगों से चर्चा की तो पता चला कि घंटेभर तक पुलिस मौके पर ही नहीं आई थी।

# वार्ड 74 की दो बड़ी कालोनी में अब नहीं भरेगा गलियों में बारिश का पानी

### ब्रह्मपुरी कॉलोनी मेंनरोड से लेकर भोलाराम उस्ताद मार्ग तक निगम बिछाएगा नई लाइन

**इंदौर।** राऊ विधानसभा के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के वार्ड 74 से जुड़ी ब्रह्मपुरी कॉलोनी मैंनरोड से लेकर भोलाराम उस्ताद मार्ग पर भगतसिंह टी सेंटर तक अब निगम सालों से क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर यहां नई लाइन डालने का काम शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत निगम यहां क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर आने वाले दिनों में लगभग 25 लाख रुपए के आसपास खर्चकर नई लाइन बिछाने का काम शुरू करेगा। यही नहीं इसको लेकर निगम द्वारा टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। इसके बाद जल्द यहां काम भी शुरू कर दिया जाएगा ताकि बारिश के दिनों में कालोनी में सालों पुरानी लाइन लीकेज के कारण मुख्य मार्ग और भीतर की गलियों में कई दिनों तक सड़क पर पानी भरा नजर नहीं आएगा।



**रहवासियों की मांग पर इस बार गंभीर समस्या का समय से पहले होगा इलाज-** गौरतलब है कि निगम द्वारा ब्रह्मपुरी कॉलोनी और आसपास के कॉलोनी के रहवासियों की मांग पर पुरानी हो चुकी क्षतिग्रस्त लाइनों के बदलने की फाइल मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया को लेकर भी काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत ब्रह्मपुरी कालोनी में मकान नंबर 1 से लेकर भोला राम उस्ताद मार्ग पर भगत सिंह टी सेंटर तक नई लाइन बिछाने का काम भी आने वाले दिनों में संभवत अगले माह तक हर हाल में शुरू कर दिया जाएगा ताकि इस बार बारिश में लोगों को इस गंभीर समस्या से निजात दिलाकर बड़ी राहत देने की तैयारी है।

# पूर्वी रिंगरोड़ पर पिपलियाराव से केसूला ढाबा तक बदलेंगी भीतरी गलियों की सूरत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। राऊ विधानसभा में शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 74 में पूर्वी रोड पर पिपलिया राव से लेकर केशुला ढाबा तक के बड़े हिस्से में आसपास की भीतरी गलियों में लंबे समय से जल निकासी की सालों पुरानी लाइनें बदलकर अब निगम यहां लाखों रुपए खर्चकर सालों बाद नई लाइन डालेगा। जिसको लेकर निगम ने अपनी ओर से तैयारी भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा कि निगम यहां करीब 50 लाख रुपए के आसपास खर्चकर सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई पानी की लाइनें डालेगा। जिससे क्षेत्र के लोगों की लंबे समय की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

### *अब ढाबे के आसपास मुख्य मार्ग पर नहीं होगी परेशानी*

*बड़ी बात यह है कि पिपलियाराव क्षेत्र में अब केशूला ढाबे के आसपास सर्विस रोड़ के साथ मुख्य मार्ग पर भी पुरानी क्षतिग्रस्त लाइनों की वजह से सड़क पर कहीं भी गंदा पानी बहता नजर नहीं आएगा। क्योंकि क्षेत्रवासियों की मांग पर निगम द्वारा आने वाले दिनों में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाखों रुपए खर्चकर पूर्वी रिंग रोड़ पर पिलियाराव क्षेत्र के अंतर्गत बड़े हिस्से में पुरानी लाइनों को बदलकर नई लाइन बिछाने का काम किया जाना है। जिससे मुख्य मार्ग के साथ भीतर की गलियों की भी सूरत और सीरत बदल जाएगी। जिसको लेकर निगम अपनी ओर से तैयारियां कर रहा है। साथ ही जल्द यहां काम भी शुरू हो जाएगा।*



# टूटी जाली से खतरा

**इंदौर।** भंडारी रेलवे ब्रिज पर पिछले दिनों एक जाली टूट गई थी। यह जाली फुटपाथ पर लगी है, टूटी जाली के कारण खतरा बना हुआ है। जिम्मेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है।

# रजत पाटीदार ने की शेन वार्न की बराबरी

## आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तानों में शामिल

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रनों से हराया। इस जीत के साथ आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है।

### संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर रजत पाटीदार

पाटीदार आईपीएल में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तानों की सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान शेन वार्न की बराबरी कर ली है।

वार्न ने साल 2008 में राजस्थान रॉयल्स के लिए लगातार 8 मैच जीते थे और 2025-26 में रजत पाटीदार ने भी आरसीबी की कप्तानी करते हुए लगातार 8 मकाबले जीत लिए हैं। दोनों खिलाड़ियों में एक और समानता नजर आती है। शेन वार्न ने राजस्थान रॉयल्स को पहली बार चैंपियन बनाया था और रजत पाटीदार ने भी आरसीबी को पहली बार पिछले साल चैंपियन बनाया है। आईपीएल में सबसे ज्यादा बार लगातार मुकाबले जीतने वाले कप्तानों की सूची में गौतम गंभीर पहले नंबर पर हैं। उन्होंने साल 2014-15 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करते हुए लगातार 10 मुकाबलों में जीत दर्ज कराई थी। इस सूची में तीसरे स्थान पर महेंद्र सिंह धोनी हैं, जिन्होंने साल 2013 में सीएसके को लगातार सात मुकाबले में जीत दिलाई थी।

### आईपीएल में लगातार सबसे अधिक जीत दिलाने वाले कप्तान

**गौतम गंभीर-** 10 मैचों में लगातार जीत- साल 2014-15
**शेन वार्न-** 8 मैचों में लगातार जीत- साल 2008
**रजत पाटीदार-** 8 मैचों में लगातार जीत- साल 2025-26
**महेंद्र सिंह धोनी-** 7 मैचों में लगातार जीत- साल 2013

# बुमराह के समक्ष वैभव की चुनौती

## पिछले सीजन में शून्य पर हो गए थे आउट

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2024 के 13वें मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना मुंबई इंडियंस के साथ होगा। इस मैच में राजस्थान के ओपनर 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की असली परीक्षा होने वाली है। वैभव का सामना इस मैच में जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट, हार्दिक पंड्या, मिचेल सैंटनर जैसे धाकड़ इंटरनेशनल गेंदबाजों से होगा। खास बात यह है कि उनका खाता भी मुंबई के खिलाफ नहीं खुल सका है।

जी हां आईपीएल में 335 रन बना चुके वैभव सूर्यवंशी को अभी भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ खाता खोलना है। पिछले सीजन जिस एक मैच में वह मुंबई के खिलाफ खेलने उतरे थे, उस मैच में खाता नहीं खोल पाए थे। दीपक चाहर ने





सिर्फ दो गेंद के बाद ही वैभव की इनिंग का अंत कर दिया था। वह विल जैक्स के हाथों कैच आउट हो गए थे। यानी पहली बार वैभव इस मैच में बुमराह का सामना कर सकते हैं।

### वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल आंकड़े

वैभव सूर्यवंशी ने अभी तक आईपीएल में 9 मैचों की 9 पारियों में 335 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 छक्के और 27 चौके लगाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 213.37 और औसत अभी तक 37.22 का रहा है। वैभव ने इस लीग में अभी तक दो अर्धशतक और एक शतक लगाया है।

आईपीएल 2026 का आगाज वैभव ने 15 गेंद पर पचासा ठोकते हुए शुरू किया था। सीएसके के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंद पर 52 और गुजरात टाइटंस के खिलाफ 18 गेंद पर 31 रन बनाए थे। अभी तक वैभव ने मैट हेनरी, कगिसो रबाडा, नूर अहमद का सामना किया है। अब उनके सामने होगा मुंबई इंडियंस का मजबूत और वर्ल्ड क्लास बॉलिंग अटैक।

वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ तैयारी को लेकर मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस म्हाब्रे ने साफ कर दिया है कि कुछ नया नहीं कर रहे हैं और अन्य खिलाड़ियों जैसी ही तैयारी है। अब देखना होगा कि मुंबई की टीम दिल्ली के खिलाफ मिली हार के बाद वापस ट्रेंट बोल्ट को लाती है या नहीं। वहीं नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की वापसी लगभग तय मानी जा रही है।

# मुंबई इंडियंस के सामने राजस्थान रॉयल्स की चुनौती

**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 19वें सीजन का 13वां मैच आज गुवाहाटी में खेला जाएगा। यहां के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को मुंबई इंडियंस की मेजबानी करनी है। राजस्थान का ये अडॉप्टेड होम ग्राउंड है। दोनों टीमों के बीच मुकाबला दमदार होने की उम्मीद है, क्योंकि एक टीम लगातार दो मैच जीतकर यहां पहुंची है, जबकि मुंबई ने पहले दो मैचों में से एक मैच जीता है और एक मैच गंवाया है।

राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स को हराया है, जबकि मुंबई इंडियंस अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीती थी, जबकि दिल्ली कैपिटल्स से हार गई थी। एमआई चाहेगी कि जीत की पटरी पर लौटा जाएगा, जबकि आरआर की चाहत होगी कि लगातार तीसरा मैच जीतकर आईपीएल 2026 की पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंचा जाए, जहां इस समय 5 पॉइंट्स के साथ पंजाब किंग्स है। राजस्थान रॉयल्स इस समय तीसरे स्थान पर है और एमआई छठे पायदान पर विराजमान है।

मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात ये है कि हार्दिक पांड्या की वापसी कन्फर्म हो गई है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वे अस्वस्थ होने की वजह से नहीं खेले थे, लेकिन राजस्थान के खिलाफ वे खेलने के लिए तैयार हैं। उधर, राजस्थान की टीम में इंजरी को लेकर कोई समस्या नहीं है। एमआई चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह खतरनाक मोड में नजर आएं और शुरुआत में विकेट दिलाएं, जबकि राजस्थान को उम्मीद होगी कि संदीप कुमार अपनी स्विंग से एमआई के ओपनर्स को परेशान करें, क्योंकि वे रोहित को अक्सर फंसाते रहे हैं।

# जल्द सीएसके में शामिल हो सकते है ब्रेविस, धोनी की भी वापसी होगी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2026 में लगातार तीन मैच हार चुकी है। सीजन की शुरुआत से पहले ही टीम लगातार इंजरी से जूझती नजर आई। एमएस धोनी, डेवाल्ड ब्रेविस भी शुरुआती तीनों मैच नहीं खेल पाए। अब आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद चेन्नई के लिए अच्छी खबर आ रही है। धोनी का अगले दो दिन में फिटनेस टेस्ट होगा और अगर इसे उन्होंने पास किया, तो वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वापसी कर सकते हैं।

रविवार को आरसीबी के खिलाफ मैच के बीच बात करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि डेवाल्ड ब्रेविस भी अगले मैच में जहां तक वापसी करेंगे। ब्रेविस साइड स्ट्रेन के कारण पहले तीनों मैच से बाहर थे। वहीं एमएस धोनी को लेकर आई रिपोर्ट के अनुसार धोनी ने भी अगर फिटनेस टेस्ट पास किया तो 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेपॉक में वह नजर आएंगे।

जानकारी के मुताबिक पंजाब के खिलाफ मैच से पहले धोनी ने ट्रेनिंग के साथ-साथ बैटिंग सेशन में भी हिस्सा लिया था। मैच की शाम वह प्रैक्टिस पिचों पर भी बिना किसी दिक्कत के बल्लेबाजी करते दिखे थे। वहीं फ्रेंचाइजी उनको लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करना चाह रही है। अगर ताजा रिपोर्ट के हिसाब से देखें तो इसके बहुत आसार हैं कि आगामी शनिवार को दिल्ली के खिलाफ माही येलो जर्सी में मैदान पर उतर सकते हैं।





### डेवाल्ड ब्रेविस की वापसी लगभग पक्की

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डेवाल्ड ब्रेविस को लेकर भी एक अच्छी खबर आई है। ब्रेविस भी पिछले तीनों मैच नहीं खेले थे। हालांकि, वह टीम के साथ गुवाहाटी और बेंगलुरु गए थे लेकिन मैच में हिस्सा नहीं ले पाए, लेकिन अब कोच फ्लेमिंग ने गुड न्यूज दी है कि ब्रेविस अब जल्द वापसी कर सकते हैं।

डेवाल्ड ब्रेविस की वापसी पर फ्लेमिंग ने कहा,'हमें उम्मीद है कि वह (ब्रेविस) अगले मैच तक सही होंगे। हमारे पास पांच दिन का समय है अगले मैच से पहले। हम लगातार उनको लेकर बातचीत कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगले पांच दिन में सब हमारी प्लानिंग के अनुकूल ही होगा।' सीएसके के लिए ब्रेविस और धोनी की वापसी अगर होती है तो यह निश्चित ही लगातार तीन हार के बाद मरहम का काम करेगी।

आईपीएल 2026 के 11वें मैच में आरसीबी ने चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से हराया। इस हार के बावजूद सीएसके ने आईपीएल का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस मैच में 251 रन के जवाब में सीएसके की टीम ने भी 207 रन बना लिए थे।

# केकेआर के प्रदर्शन से खुश नहीं शाहरूख

**टीम मैनेजमेंट के समक्ष नाराजगी जाहिर की**

**कोलकाता।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रदर्शन अभी तक बिल्कुल भी खास नहीं रहा है। पहले दोनों मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच में भी शुरुआत अच्छी नहीं रही। इसके बाद तीसरे मुकाबले में जब बारिश के कारण 3.4 ओवर के बाद खेल रुका और इस ब्रेक के दौरान टीम के मालिक शाहरुख खान व केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर के बीच गंभीर बातचीत की तस्वीरें वायरल हुईं।

### अजिंक्य रहाणे ने लिए चौंकाने वाला फैसला

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में लगातार बारिश की संभावना थी। इस बीच कप्तान अजिंक्य रहाणे द्वारा टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनने के फैसले की भी आलोचना हुई है। कोलकाता को दूसरे ओवर



में ही ओवरकास्ट कंडीशन के चलते जेवियर बार्टलेट ने फिन एलन और कैमरन ग्रीन के रूप में दो बड़े झटके भी दिए थे। इसके बाद सीईओ और मालिक शाहरुख खान के बीच हुई बातचीत की तस्वीरें सामने आने के बाद ऐसा लग रहा है कि केकेआर के प्रदर्शन से उनके मालिक शायद खुश नहीं हैं।

इस मैच के दौरान ब्रेक के बीच लगातार शाहरुख खान को देखा गया। उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। वहीं जब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर के साथ जब बात की तो उसे देखकर भी लोगों ने तस्वीरों को अलग-अलग अटकलें लगाते हुए पोस्ट करना शुरू कर दिया। इसके बाद लोगों का कहना है कि शाहरुख केकेआर के खेल से खुश नहीं दिख रहे हैं।

### केकेआर की शुरुआती दोनों मैच में हार

कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रदर्शन की बात करें तो पहले मैच में टीम को मुंबई इंडियंस ने 6 विकेट से हराया था। उस मैच में टीम के गेंदबाजी क्रम की बुरी तरह पोल खुली थी। उसके बाद दूसरे मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ कोलकाता की बल्लेबाजी कमजोर साबित हुई और टीम 65 रन से मुकाबला हार गई। सीजन में टीम को पहली जीत का इंतजार है। अंकतालिका में भी दो हार के बाद टीम 9वें स्थान पर है।

# रहाणे के फैसले ने अश्विन से लेकर कुंबले को किया दंग

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की बीच आईपीएल 2026 का 12वां मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। सिर्फ 3.4 ओवर का खेल हो सका, जिसमें केकेआर ने दो विकेट पर 25 रन बनाए। बारिश के कारण जब खेल रोका गया तब कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ और अंगकृष रघुवंशी सात रन बनाकर नाबाद थे। रहाणे ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी थी। ओवरकास्ट कंडीशंस को देखते हुए यह चौंकाने वाला फैसला था। रहाणे के फैसले ने क्रिकेट फैंस ही नहीं बल्कि आर अश्विन और अनिल कुंबले जैसे पूर्व दिग्गजों को भी दंग किया।

पूर्व स्पिनर कुंबले ने कहा, मुझे हैरानी हुई कि रहाणे ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। इस तरह की पिच पर, जहां बारिश की संभावना हो तो पहले फील्डिंग करना बेहतर होता। पूर्व सिलेक्टर सबा करीम ने कहा, मैं इस फैसले को समझ नहीं पा रहा हूं। पूर्व स्पिनर अश्विन ने भी कुंबले के सुर में सुर मिलाया और पहले बैटिंग करने के फैसले को 'दिलचस्प' बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, जब आपको पता है कि मैच बारिश से प्रभावित रहेगा और आपके पास कम अनुभवी बॉलिंग अटैक है तो आप पहले बैटिंग करना चुनते हैं। दिलचस्प सोच। बंगाल के पूर्व बल्लेबाज श्रीवत्स गोस्वामी भी रहाणे की टैक्टिक्स से खुश नहीं थे। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, बहुत हैरानी हुई कि रहाणे ने टॉस जीता और आसमान में बादल छाए होने के बावजूद पहले बैटिंग करने का फैसला किया।

# नशे के सौदागरों पर पुलिस का शिकंजा

## कनाड़िया और बाणगंगा में ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ इन्दौर पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर प्रहार कर रही है। ताजा मामलों में कनाड़िया और बाणगंगा पुलिस ने सटीक मुखबिर तंत्र की मदद से दो शातिर तस्करों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से लगभग 28.11 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।

कनाड़िया थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अरावली परिसर के पास एक व्यक्ति कार में नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने आने वाला है। पुलिस ने अरावली परिसर के सामने भूरी टेकरी पर घेराबंदी की और एक संदिग्ध कार को रोका। पुलिस ने कार सवार गणेश पिता अनोखीलाल निवासी भूरी टेकरी को हिरासत में लिया।तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 17.24 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार एमपी 09 डीझेड 7932।को भी जब्त कर लिया है। इसी तरह बाणगंगा पुलिस ने नशे के विरुद्ध अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एमआर-04 रोड, भागीरथपुरा रेलवे क्रॉसिंग के समीप दबिश दी।यहाँ से पुलिस ने रितिक पिता मनोज पालीवाल निवासी फर्सी वाली गली, भागीरथपुरा को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। ऋतिक की तलाशी लेने पर उसके पास से 10.87 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह नशा कहाँ से लाया था और किन युवाओं को सप्लाई करने वाला था। दोनों ही थानों की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इन तस्करों के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स खंगाल रही है ताकि शहर में ब्राउन शुगर की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

# पुलिस ने बगैर हेलमेट के युवती को रोका तो वे गिर पड़ीं

*युवक ने पुलिस के रवैये का किया विरोध, कहा- हेलमेट के लिए किसी को गिरा दो यह ठीक नहीं है...*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





पलासिया चौराहा पर लगातार पुलिस यातायात सुरक्षा को लेकर अभियान चलाती है और हेलमेट को लेकर यहां अभियान चलता रहता है यहां हेलमेट वितरण भी होता है। एक वीडियो नवीन वर्मा निवासी 14 नवरत्न बाग ने सोशल मीडिया पर डाला, जिसमें बताया कि पलासिया चौराहा पर दो युवतियां बगैर हेलमेट के जा रही थी पुलिस ने लपककर उनको रोकने की कोशिश की और इस दौरान दोनों युवतियां गिर गई। इस पर लोगों ने वीडियो भी बनाया और नवीन वर्मा ने भी वीडियो बनाया और इन दोनों युवतियों जो कम उम्र की है उन्हें ढांढस भी बंधाया और पुलिस से कहा कि आप लोगों का यह रवैया ठीक नहीं है। हेलमेट से सुरक्षा होती है यह माना, लेकिन हेलमेट के लिए किसी को रोड पर छीनाछपटी में गिरा तो यह ठीक नहीं है। बकायदा वहां मौजूद दोनों पुलिसकर्मियों के नाम भी बोले गए।

## पिकअप में 40 पेटी अवैध बीयर जब्त चालक मौके से फरार

**इंदौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। मौके से चालक फरार हो गया, पुलिस ने आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक देर रात ग्राम गुवाड़ा एबी रोड पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पिकअप वाहन नम्बर एमपी 46 जेडएच 5952 में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते पकड़ा गया, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी में वाहन से 40 पेटी अंग्रेजी बोल्ट बीयर केन, दो मोबाइल फोन सहित करीब 8.27 लाख रुपए का माल जब्त किया।

## दो युवकों की लड़ाई में तीसरा घायल

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में दो युवकों की आपसी मारपीट के बीच एक राहगीर घायल हो गया। विरोध करने पर अज्ञात आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार यश बुर्रा निवासी स्कीम नंबर 54 ने शिकायत दर्ज कराई है कि क्यू क्लब के सामने स्कीम नंबर 78 में दो युवक आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान एक युवक नुकीली वस्तु से दूसरे पर हमला कर रहा था, जिसकी चपेट में आकर फरियादी के दाहिने हाथ में चोट लग गई और खून बहने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अश्लील गालियां देते हुए उसे जान से खत्म करने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## पुलिस के पास आई 2357 शिकायत केवल 46 शिकायतें रही लंबित

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस ने यातायात प्रबंधन के दौरान लोगों को आने वाली समस्याओं को हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं, इन हेल्पलाइन नम्बर पर आम लोगों ने 2357 शिकायतें दर्ज कराई। पुलिस का दावा रहा कि शिकायतों पर यातायात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2311 शिकायतों का निराकरण भी कर दिया और शेष बची 46 शिकायतों का निराकरण करने का प्रयास पुलिस कर रही है। कल भी 9 शिकायतें आई थी, जिनमें से 8 का निराकरण त्वरित कर दिया गया। पुलिस ने इसके लिए हेल्पलाइन 7049107620 जारी कर रखे हैं।

## पुरानी रंजिश में युवक को घेरकर मारे चाकू

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते हिंसा का मामला सामने आया है। कनाड़िया रोड स्थित संविद नगर की मुन्ना वाली गली में तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने मामले में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना संविद नगर की मुन्ना वाली गली में हुई। फरियादी पिंटू पिता दिनेश पांचाल ने पुलिस को बताया कि युवक दुर्गेश चौहान इलाके में खड़ा था, तभी बाइक पर सवार होकर तीन आरोपी साहिल पिता सुरेन्द्र कैथवास निवासी बड़ी ग्वालटोली,अंशु बौरासी,काली बौरासी वहाँ पहुँचे। आरोपियों ने पुरानी बातों को लेकर दुर्गेश के साथ विवाद शुरू कर दिया और उसे गालियां देने लगे। जब दुर्गेश ने विरोध किया, तो विवाद मारपीट में बदल गया।बहस के दौरान तैश में आए आरोपियों ने अपनी जेब से चाकू निकाले और दुर्गेश पर हमला बोल दिया। हमले में चाकू दुर्गेश की जांघ और हाथ में लगे, जिससे वह वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को संभाला और पुलिस को सूचना दी।

## मिर्ची पाउडर झोंककर हमला, युवक घायल

इन्दौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में युवक पर मिर्ची पाउडर झोंककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक घायल हुआ, पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मानव माटा निवासी साहिल रेसिडेंसी ने शिकायत दर्ज कराई कि 6 अप्रैल की रात वीर सावरकर नगर स्थित महक टिफिन सेंटर के सामने हर्ष ललवानी उर्फ कान्हा उर्फ बच्चा ने आकर उससे गाली-गलौज की और गाड़ी की चाबी छीनने लगा। इस दौरान संजू दलवानी और मयूर दलवानी भी मौके पर पहुंच गए। आरोपियों ने एकजुट होकर पहले प्लास्टिक की थैली से मिर्ची पाउडर निकालकर फरियादी और उसके साथी अनूप तलरेजा की आंखों में झोंक दिया। इसके बाद संजू ने थप्पड़ मारकर गला पकड़ लिया, जिससे उसकी सोने की चेन और चश्मा गिर गया। वहीं मयूर ने नुकीली वस्तु से सिर के पीछे वार कर दिया, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# युवक की संदिग्ध मौत, बाथरूम में अचेत मिला

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक 35 वर्षीय युवक की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने घर के बाथरूम में अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुँचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने शुरुआती परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान प्रवीण पिता जगदीश (35) निवासी संचार नगर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रवीण घर के बाथरूम में गया था, लेकिन काफी देर तक बाहर नहीं आया तो संदेह होने पर जब अंदर देखा तो वह फर्श पर अचेत पड़ा हुआ था। घबराए परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बाइक से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

**इन्दौर।** सिमरोल क्षेत्र में रफ्तार और ऊबड़-खाबड़ सड़कों के बीच एक और जिंदगी खत्म हो गई। अपने रिश्तेदार के साथ बाइक पर जा रही एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला सड़क पर बने ब्रेकर के कारण अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

मृतका की पहचान रामकली पति जावर (65) निवासी ग्राम मंडल सिमरोल के रूप में हुई है। घटना के समय रामकली अपने एक रिश्तेदार युवक के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर कहीं जा रही थी। सिमरोल क्षेत्र के समीप सड़क पर बने एक ऊंचे ब्रेकर पर जैसे ही बाइक गुजरी, पीछे बैठी रामकली खुद को संभाल नहीं पाईं। ब्रेकर पर बाइक के उछलने से रामकली का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे सड़क पर जा गिरीं। उम्र अधिक होने और सिर के बल गिरने के कारण उन्हें गहरी अंदरूनी चोट आई। मौके पर मौजूद लोग और उनके रिश्तेदार उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नाबालिग के पास मिली देशी पिस्टल

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नाबालिग को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से जंग लगी देशी पिस्टल बरामद हुई, जिस पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 6 अप्रैल की शाम आकाश नगर पानी की टंकी के सामने मेन रोड पुलिया पर कार्रवाई करते हुए सब उपनिरीक्षक कमलेश डावर की टीम ने 17 वर्षीय नाबालिग निवासी गुरु शंकर नगर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक लोहे की जंग लगी देशी पिस्टल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।